* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 129

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**शोल्ज के साथ द्विपक्षीय बैठक में बोले पीएम मोदी**
यूक्रेन संकट में किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान के लिए भारत तैयार









## रामगढ़ का उपचुनाव लिखेगा नयी पटकथा

# प्रचार थमा, मतदान कल 2 मार्च को आयेंगे नतीजे

- 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं
- 3.34 लाख मतदाता दिखायेंगे अपनी ताकत
- महागठबंधन और एनडीए प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला

**प्रशांत झा**

**रांची/रामगढ़।** रामगढ़ उपचुनाव के लिए शनिवार को प्रचार थम गया। सोमवार 27 फरवरी को वोट डाले जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र में 3.34 लाख मतदाता हैं। चुनावी मैदान में 18 प्रत्याशी हैं। मुख्य मुकाबला कांग्रेस के बजरंग महतो और आजसू की सुनीता चौधरी के बीच है, लेकिन दरअसल यह महागठबंधन और एनडीए का मुकाबला है। यह सत्ता पक्ष और विपक्ष की लड़ाई भी है, जिसकी झलक चुनाव प्रचार के दौरान देखने को मिल चुकी है। दोनों तरफ के दिग्गज नेताओं ने प्रचार में पसीना बहाया। अब गेंद मतदाताओं के पाले में है। वह अपनी ताकत दिखायेंगे।

मतदाता सत्ता पक्ष के साथ गये या विपक्ष के साथ, इस पर से पर्दा 2 मार्च को उठेगा। क्योंकि मतगणना 2 मार्च को होगी। इतना तय है कि रामगढ़ उपचुनाव का नतीजा एक नयी पटकथा लिखने के लिए तैयार है।

**पिछले तीन साल में 5वां उपचुनाव :** पिछले तीन साल के दौरान यह पांचवां उपचुनाव झारखंड में पिछले तीन साल के दौरान पांचवां उपचुनाव होनेवाला है। 2020 के बाद अब तक हुए चार उपचुनावों में सत्तारूढ़ महागठबंधन को जीत मिली है। खाली हुईं चारों सीटें 2019 के विधानसभा चुनाव में जिनके खाते में थीं, उपचुनाव में ये सीटें उनके ही खाते में गयीं। रामगढ़ की विधायक रहीं ममता देवी को गोला गोलीकांड में अदालत ने दोषी ठहराया। जिस वजह से वह सजायाफ्ता हो गयीं। नतीजतन ममता देवी की विधायकी चली गयी और यहां उपचुनाव हो रहा है। सीट बचाने और छीनने को लेकर दोनों तरफ से पूरी ताकत झोंकी गयी है।

**मुख्यमंत्री समेत सत्ता पक्ष के सभी ने लगायी ताकत :** चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। सभी लगातार कैंप किये हुए थे। मुख्यमंत्री ने चार-पांच सभा को संबोधित किया, तो रोड-शो के जरिए भी मतदाताओं को संदेश देने का प्रयास किया। विपक्ष पर निशाना साधा तो तीन साल की सरकार की उपलब्धियों को गिनाने से भी नहीं चूके। मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल के साथी और विधायकों की टोली ने भी चुनाव प्रचार में साथ निभाया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हों या प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय या फिर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय और अन्य नेतागण सभी ने लगातार कैंप किया।



### एक साथ कई संदेश देगा उपचुनाव का नतीजा

एक छोटा सा उपचुनाव कितना महत्वपूर्ण बन गया है, इसका अंदाजा सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के प्रचार मैदान में उतरने और तेवर देख कर ही लगाया जा सकता है। दरअसल, यह 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव की तैयारी के आकलन का समय है। रामगढ़ उपचुनाव का नतीजा 2 मार्च को सामने आयेगा। यह एक साथ कई संदेश देगा। जनता किसके साथ गयी, यह देखना दिलचस्प होगा। सत्तारूढ़ महागठबंधन के बीच सियासी एकता कितनी मजबूत है, यह आंका जा सकेगा। साथ ही सरकार के कामकाज को जनता ने कितना सराहा, यह भी दिखेगा। एनडीए गठबंधन की भी ताकत दिखेगी। भाजपा अपने मतदाताओं का कितना वोट शिफ्ट करा पायी, यह भी पता चलेगा। कुल मिला कर सत्तारूढ़ महागठबंधन और मजबूत होगा या विपक्षी एनडीए गठबंधन मजबूत बन कर उभरेगा, यह स्पष्ट हो जायेगा।

### विपक्ष के तीन पूर्व सीएम मैदान में उतरे

विपक्ष की ओर से तीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भी मतदाताओं को रिझाने, समझाने और मनाने के लिए मैदान में उतरे। तीनों ने एक ही दिन में अलग-अलग इलाके में सरकार को घेरा। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी लगातार प्रचार में लगे थे। आजसू प्रमुख सुदेश महतो हों या भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सभी मैदान में थे। भाजपा और आजसू के वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, वर्तमान सांसद, पूर्व सांसद सभी ने जीत सुनिश्चत करने के लिए ताकत झोंकी है। प्रचार खत्म होते-होते आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने जोरदार रोड-शो कर मतादाताओं को पक्ष में करने का प्रयास किया।

### 405 केंद्रों पर 3.40 लाख मतदाता डालेंगे वोट

सोमवार यानी 27 फरवरी को उपचुनाव के लिए वोट डाले जायेंगे। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इवीएम तैयार हो गयी हैं। मतदान के लिए 405 केंद बनाये गये हैं। रविवार से चुनाव कराने के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारी और कर्मी इवीएम और अन्य सामान बांटना शुरू हो जायेगा। चुनाव मैदान में 18 उम्मीदवार हैं। रामगढ़ विधानसभा में कुल 3,34,167 मतदाता हैं, जिनमें से 1,72,923 पुरुष एवं 1,61,244 महिला हैं। मतदान का समय सुह 7 बजे से शाम 5 बजे तक है। अब ये सभी मतदाता रामगढ़ की नयी पटकथा लिखेंगे।

## प्रचार के आखिरी दिन आजसू ने झोंकी ताकत, पदयात्रा में उमड़ा जन सैलाब

# जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर करेंगे रामगढ़ का विकास : सुदेश महतो



- एक किमी तक महिलाओं का हुजूम, अगुवाई कर रहे थे आजसू सुप्रीमो सुदेश और सुनीता चौधरी

**बीरु/निरंजन/अंजनी**

**रामगढ़/रजरप्पा/गोला।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए शनिवार आखिरी दिन था। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने गोला और चितरपुर प्रखंड में पदयात्रा कर अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इस दौरान उन्होंने जनता को यह संदेश देने का प्रयास किया कि वे हवाई जहाज वाले नेता नहीं हैं। जनता के साथ कदम से कदम मिला कर रामगढ़ के विकास की रूपरेखा तैयार करेंगे। इस दौरान सुदेश महतो ने जन-जन की आवाज बनने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि आजसू का विधायक यहां 15 वर्षों तक रहा और इस पूरे इलाके को राज्य में पहले स्थान पर रखा। आज एक बार फिर जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सुनीता चौधरी चुनावी मैदान में हैं। चंद्र प्रकाश चौधरी ने जिस तरीके से रामगढ़ का विकास किया है, उनकी पत्नी सुनीता चौधरी भी रामगढ़ वासियों के सपने को पूरा करेंगी। 27 फरवरी को जब मतदान होगा, तो उस दिन जनता का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा।

### सुदेश की मुख्य बातें

- रामगढ़ मेरा परिवार, उनकी तरक्की की मुझे चिंता
- हम लोग हवाई जहाज वाले नहीं, जनता के साथ कदम कदम मिला कर चलनेवाले हैं
- आजसू ने रामगढ़ को बनाया है, संवारा है, खोये ताज को लौटाना मेरी प्राथमिकता

**सड़क पर उमड़ा जनसैलाब :** दोनों प्रखंडों में पदयात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब आजसू पार्टी की उम्मीद से भी अधिक था। जब सुदेश महतो और लंबोदर महतो उम्मीदवार सुनीता चौधरी के साथ सड़क पर उतरे, तो उनके समर्थकों का काफिला कई किलोमीटर दूर तक नजर आया। पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब यह बता रहा था कि जनता का संबंध चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ कितना गहरा है। इस जनसैलाब को आजसू इवीएम में कितना समेट पाती है, यह तो 2 मार्च को मतगणना के बाद ही पता चलेगा। लेकिन सभी के चेहरे खिले थे।

**गोला में भी दिखा काफी उत्साह :** एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शनिवार को झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने गोला में पदयात्रा कर लोगों से समर्थन मांगा। पदयात्रा गोला के महादेव मंडा से शुरू होकर डीवीसी चौक, रजरप्पा चौक होते हुए पॉलिटिकल मोड़ आजसू कार्यालय तक किया गया। इस दौरान पदयात्रा में शामिल हजारों की संख्या में महिला पुरुष आजसू पार्टी जिंदाबाद, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद, चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद, सुनीता चौधरी जिंदाबाद, आजसू भाजपा गठबंधन जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के जम कर नारे लगाये गये। इस दौरान सुदेश ने सड़क मार्ग के दोनों ओर देखनेवाले लोगों को हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी, गोला प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, बजरंग महथा, अशोक कुमार महतो, चंदर महतो, कपिल मुंडा, राजेश उर्फ फंटूश महतो, यशोदा देवी, राजमोहन महतो, नित्यानंद महतो, बिंदेश्वर महतो, जयराम महथा, रणधीर बसरिया, जगत महतो, अखिलेश भारती, रमेश महतो, शंकरदयाल महतो, मणिलाल गोस्वामी सहित प्रखंड क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष पदयात्रा में शामिल हुए।

## इडी की कार्रवाई : पूछताछ में चीफ इंजीनियर खोल रहे एक-एक कर राज

# वीरेंद्र राम ने लिये एक दर्जन नेताओं और अधिकारियों के नाम

- इडी ने एसीबी और कार्मिक को लिखा पत्र
- अब तक हुई कार्रवाई की मांगी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी की रिमांड पर चल चल रहे ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पूछताछ दूसरे दिन भी जारी रही। इडी के अधिकारियों ने शनिवार को जब उनसे पूछा कि टेंडर मैनेज करने के खेल में कौन-कौन लोग शामिल हैं, तो उन्होंने एक-एक कर सारी जानकारी दे दी। यह भी बता दिया है कि कमीशन का पैसा किन-किन सीनियर अधिकारियों और बड़े नेताओं को पहुंचाया जाता था। अभियंता के बयान के बाद कई अधिकारी और नेता अब इडी के रडार पर हैं। उधर, इडी ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और कार्मिक विभाग को पत्र लिख कर वीरेंद्र राम के खिलाफ अब तक की गयी कार्रवाई की जानकारी मांगी है।

**सबूत देख रो पड़े वीरेंद्र राम, उगल दिया राज :** छापमारी के समय से लेकर अब तक वीरेंद्र राम इडी अधिकारियों को कुछ बताने में हिचक रहे थे। सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकारियों ने शनिवार को उन्हें जब कमीशनखोरी का सबूत दिखाया, तो वह टूट गये। वीरेंद्र राम ने रोते हुए ना सिर्फ आरोपों को स्वीकार किया, बल्कि राज्य के कई वीआइपी लोगों और उच्चाधिकारियों का नाम भी बता दिया। उन्होंने यह भी बताया कि किन-किन लोगों तक कमीशन का हिस्सा पहुंचता था और किनके-किनके संरक्षण में उसने अकूत संपत्ति जमा की। वीरेंद्र राम का अभी तीन दिन रिमांड बचा है। इडी उनके बयानों को पुष्ट करने और सबूत जमा करने में जुटी है। इसके बाद कई अन्य लोगों पर भी दबिश बढ़ने की उम्मीद है।



**एसीबी और कार्मिक को लिखा पत्र :** इडी ने एसीबी को पत्र लिख कर पूछा है कि अब तक वीरेंद्र राम के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कितनी बार सरकार को पत्र भेजा गया था। सरकार को भेजे गये पत्र में एसीबी ने क्या अनुशंसा की थी। इडी ने इसकी छायाप्रति उपलब्ध कराने के लिए कहा है। साथ ही इडी ने कार्मिक विभाग को अलग से पत्र लिखा है। कार्मिक विभाग से जानकारी मांगी है कि वीरेंद्र राम द्वारा आयकर रिटर्न या संपत्ति का ब्योरा दिया गया है या नहीं। अगर उन्होंने ऐसा कुछ दिया है, तो उसकी कॉपी इडी को उपलब्ध करायी जाये।

### कस्टडी में जाते ही रद्द होने लगे टेंडर

रांची (आजाद सिपाही)। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के इडी कस्टडी में जाते ही ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर रद्द होने लगे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में पुल-पुलिया, सड़क आदि का काम फिलहाल लटकता हुआ नजर आ रहा है। पीएमएलए कोर्ट ने 23 फरवरी को वीरेंद्र राम को पांच दिनों के लिए रिमांड पर भेजा है। इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग ने शनिवार को एक दर्जन से अधिक टेंडरों को रद्द किये जाने की सूचना निकाल दी है। जारी सूचनाओं में कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से टेंडर को कैंसिल किया जा रहा है। इससे रांची सहित चक्रधरपुर, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, डाल्टेनगंज, गढ़वा, धनबाद, लातेहार, कोडरमा और अन्य जगहों के लिए जारी विभिन्न टेंडरों को स्थगित कर दिया गया है और अब काम लटकने की उम्मीद है।

# भुरकुंडा में कांग्रेसी नेता की गोली मार कर हत्या

- बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का विधायक प्रतिनिधि थे वितका बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू पुलिस सर्किल क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने कांग्रेस नेता और बड़कागांव विधायक के स्थानीय प्रतिनिधि वितका बाउरी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती में रात 7:45 बजे की है।

**गोलियों से किया छलनी:** प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक प्रतिनिधि वितका बाउरी सौंदा बस्ती में पुराने पेट्रोल पंप के निकट बैठे हुए थे। तभी एक बाइक पर पतरातू की तरफ से तीन अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने पहले वितका बाउरी को एक गोली मारी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घटना की जानकारी तत्काल उन घरवालों को लगी। परिजन और अन्य लोग बाउरी को अस्पताल ले कर गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हगें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उन्हें लगभग आधा दर्जन गोलियां लगी हैं।





बाउरी का फाइल फोटो

**पुलिस ने की नाकेबंदी:** घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को भी दी गयी। भुरकुंडा पुलिस सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पहुंची और जांच कर रही है। इस बीच पुलिस ने अपराधियों के धरपकड़ के लिए इलाके में नाकाबंदी भी की है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस के वरीय अधिकारी भी भुरकुंडा अस्पताल पहुंचे।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# पीएम मोदी को बार-बार अपशब्द क्यों कहती है कांग्रेस

## ■ हर बार उल्टा पड़ जाता है कांग्रेसियों का यह फूहड़ दांव

## ■ पीएम मोदी तो ऐसी गालियों से भी ताकत हासिल कर लेते हैं

पिछले साल 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में कहा था कि वह हर दिन दो-तीन किलो गाली खाते हैं, जो उनके शरीर में पोषण बन जाती है और इसके कारण ही उन्हें काम करने की ऊर्जा मिलती है। इसलिए वह कभी थकते नहीं। पीएम मोदी का यह बयान पहली नजर में भले ही अगंभीर लगे, लेकिन हाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने उनके दिवंगत माता-पिता को लेकर जो अमर्यादित टिप्पणी की, उससे उनकी बात सही लगने लगी है। आखिर कांग्रेस इतने ओछे व्यवहार पर क्यों उतर आयी है। पिछले नौ साल के दौरान कई अवसरों पर पीएम मोदी को लेकर कांग्रेसियों ने अपशब्दों का इस्तेमाल किया। कभी नीच, तो कभी रावण कहा गया। पवन खेड़ा ने तो खैर तमाम सीमाएं उस समय लांघ दीं, जब उन्होंने पीएम मोदी के दिवंगत माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, कांग्रेसियों ने सार्वजनिक रूप से मोदी की मौत की कामना करनेवाले नारे भी लगाये। कहा जाता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा का हमेशा ध्यान रखना चाहिए और यदि एक बार यह मर्यादा टूट गयी, तो फिर बड़ी गंभीर समस्या पैदा हो जायेगी। पीएम मोदी की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता ने कांग्रेसियों को इतना हताश कर दिया है कि अब उन्हें भाषायी मर्यादा का भी ध्यान नहीं रहा है। कहा जाता है कि जब मुद्दे नहीं होते और सामने वाला कुसंस्कारी हो, तो वह गालियों के अलावा और दे भी क्या सकता है। पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेसियों की अमर्यादित टिप्पणियों के पीछे का कारण भी यही है। इस पूरे प्रकरण का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके दिवंगत पिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। भाजपा की ओर से इस पर कड़ा एतराज जताया गया। पवन खेड़ा ने कहा कि वह मोदी जी के नाम को लेकर भ्रमित थे। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पवन खेड़ा इससे पहले भी मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। उन्होंने पीएम मोदी की आंतकियों से तुलना की थी। उनके खिलाफ उत्तरप्रदेश और असम में मामला दर्ज हुआ है। गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट से उन्हें असम पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें अंतरिम जमानत दे दी गयी।

ध्यान देनेवाली बात है कि कांग्रेस के नेता आये दिन प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। शेख हुसैन, नाना पटोले, उमंग सिंघार, रणदीप सुरजेवाला, गौरव वल्लभ, अधीर रंजन चौधरी, मणिशंकर अय्यर, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, संजय निरुपम, प्रमोद तिवारी, इमरान मसूद जैसे कांग्रेसी नेता पहले भी पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर चुके हैं। यह लिस्ट बहुत लंबी है। कांग्रेस नेता अब प्रधानमंत्री मोदी की मां और पिताजी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे हैं। आप नेता गोपाल इटालिया ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ टिप्पणी की थी। ऐसी अभद्र टिप्पणियां भारतीय समाज में मंजूर नहीं हैं। प्रधानमंत्री, जिन्हें देश ने प्रचंड बहुमत दिया, उन्हें औकात दिखाने की बात करने वालों का हश्र क्या होता है, यह गुजरात की जनता ने इस बार के चुनाव में स्पष्ट रूप से बता दिया है। भारतीय जनमानस कुसंस्कारों को सहन नहीं करता है।

संसद में अभी हाल ही में प्रधानमंत्री का वह बयान भी इस प्रकरण में महत्वपूर्ण है, जिसमें उन्होंने कहा कि देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वैश्विक स्तर पर बनती भारत की साख कांग्रेसी पचा नहीं पा रहे हैं। भारत में जिन मुद्दों पर चुनावी रोटियां सेंकी जाती थीं, उन मुद्दों का समाधान मोदी सरकार में हो चुका है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन रहा है, तो कश्मीर में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहराता है और अब भारत माता के जयकारे गूंजते हैं। विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की जंग भी भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ाये हुए है।कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली और अपशब्दों के प्रयोग का सिलसिला बहुत पहले से चल रहा है। कांग्रेस का लगभग हर छोटा-बड़ा नेता पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि जब-जब कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी के लिए गालियों और अपशब्दों का प्रयोग किया है, तब-तब उनकी लोकप्रियता और बढ़ी है और कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी।



अब फिर बात करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आखिर कांग्रेस के नेता अपशब्दों का प्रयोग क्यों करते हैं? इसका जवाब प्रधानमंत्री ने खुद दिया है। जनसभाओं में उन्होंने कहा था कि करोड़ों की हेराफेरी करने वाले आज जमानत पर हैं। इसलिए उनका गुस्सा मोदी पर रहता है और वे मोदी को दिन-रात अपशब्द कहते रहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सारे पुराने मामले खोले गये। वे कोर्ट चले गये। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उनकी सारी पुरानी फाइलें खोलने का भारत सरकार को हक है। नामदारों की चार पीढ़ी, चायवाले के चार साल, आओ तुलना करें, किसने कितना किया। लेकिन कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं हैं, कुसंस्कार भरे हैं और अहंकार सातवें आसमान पर है। इसलिए कांग्रेस अब मेरी मां को गाली देने पर आ गयी। हम देश को कहां से कहां लेकर आये, उसकी चर्चा करने को वह तैयार नहीं। जब मुद्दे नहीं होते, दारिद्र्य होता है, जब कुसंस्कार भरे पड़े होते हैं, तब जाकर के किसी की मां को गाली देने की हिम्मत आती है।

यह भी याद रखने की बात है कि कोरोना काल में किस तरह से वैक्सीन का विरोध हुआ था। जिम्मेदार नेताओं ने जनता को भ्रमित किया। आखिरकार यही वैक्सीन दुनियाभर में आशा की किरण बनी। भारत की वैक्सीन मैत्री को पूरी दुनिया ने सराहा। ऑपरेशन दोस्त भी दुनिया ने देखा। हर वैश्विक मंच पर भारत का विरोध और पाकिस्तान का साथ देनेवाले तुर्किये में भारत राहत का मरहम लेकर पहुंचा। पाकिस्तान ने वहां जाने का रास्ता नहीं दिया, तो अधिक दूरी तय कर भारत के विमान तुर्किये पहुंचे। तुर्किये को कहना पड़ा कि भारत उसका सच्चा दोस्त है। वैश्विक पटल पर भारत लगातार मजबूत हो रहा है और यहां देश में कांग्रेस पूरी तरह बौखलायी सी नजर आ रही है। इसलिए उसके नेता अक्सर पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। इस तरह के अपशब्दों से नुकसान भी कांग्रेस का ही हो रहा है, क्योंकि इन गालियों को तो पीएम मोदी अपनी ऊर्जा-अपना पोषण बना लेते हैं। 2024 के आम चुनाव से पहले कांग्रेस नेता भाषा की मर्यादा को कितना लांघते हैं, यह देखना अभी बाकी है।

# साहिबगंज डीसी ने बरहरवा रेल रैक प्वाइंट से स्टोन चिप्स की लोडिंग पर लगायी रोक

**रेलवे को होगा भारी नुकसान, प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से पिछले दिनों एनजीटी के निर्देश पर एक उच्च स्तरीय टीम आयी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरहरवा।** साहिबगंज डीसी ने जिले के सभी रेल रैक प्वाइंट से स्टोन चिप्स की लोडिंग बंद करने का निर्देश दिया है। मालदा डिवीजन के बरहरवा से मिर्जाचौकी तक शनिवार से रैक प्वाइंट से स्टोन चिप्स की लोडिंग नहीं होगी। इससे रेलवे को हर दिन करीब तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। साहिबगंज जिले में प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से पिछले दिनों एनजीटी के निर्देश पर एक उच्च स्तरीय टीम आयी थी। टीम में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते, खान सचिव अबु बकर सिद्दीकी और प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाइके दास शामिल थे। कमेटी ने ही कार्रवाई के लिए साहिबगंज डीसी को पत्र लिखा था।



### रेलवे रैक प्वाइंट के पास नहीं है सीटीओ

डीसी रामनिवास यादव ने कहा कि साहिबगंज जिले में बरहरवा से मिर्जा चौकी तक जितने भी रेलवे रैक प्वाइंट हैं, इनके पास झारखंड प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) नहीं हैं। इस कारण तत्काल प्रभाव से लोडिंग बंद करा दी गयी है। जानकारी के अनुसार रैक प्वाइंट के लिए रेलवे को सीटीओ लेना है। पौधरोपण, पक्की बाउंड्री, पानी का छिड़काव आदि की व्यवस्था भी रेलवे को ही करनी है। रेलवे द्वारा दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कारण अब तक उन्हें सीटीओ नहीं मिला है। रैक प्वाइंट से स्टोन चिप्स लोडिंग के दौरान काफी धूल उड़ती है। आसपास के क्षेत्र में काफी प्रदूषण फैलता है।

### हर दिन औसतन लोड होते हैं 14 रैक

बरहरवा रेल रैक प्वाइंट से हर दिन तीन, बाकुड़ी से तीन, मिजा चौकी करमटोला से चार, सकरीगली से एक, साहिबगंज से दो, तालझारी से एक रैक में स्टोन चिप्स लोड किये जाते हैं। इससे रेलवे को हर दिन करीब तीन करोड़ रुपये राजस्व मिलता है। स्टोन चिप्स की लोडिंग बंद होने से रेलवे को भारी नुकसान होगा। रेल के बीसीएन रैक में 42 वैगन होते हैं, जिनमें औसतन 2500 मीट्रिक टन स्टोन चिप्स लोड होता है। बोक्शन में 69 वैगन होते हैं, जिसमें औसतन 3800 मीट्रिक टन स्टोन चिप्स लोड होते हैं। वहीं, बोबीयन टाइप में 53 वैगन होते हैं, जिनमें 3100 मीट्रिक टन स्टोन चिप्स लोड होते हैं।

# गिरिडीह पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 24 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**पुलिस की कार्रवाई के बाद कोयला माफियाओं में हड़कंप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ शनिवार यानी 25 फरवरी की सुबह बडी कार्रवाई की है। एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अहले सुबह की गयी छापेमारी के दौरान मुफस्सिल थाना इलाके के ओपेनकास्ट से कोयला लदी 16 बाइक और 1 स्कूटी, बेंगाबाद से चार और पचंबा से अवैध कोयला लदी तीन बाइक जब्त की गयी है। इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



गिरफ्तार लोगों को पचंबा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इधर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बता दें कि सीसीएल कोलियरी इलाके से लगातार रात के अंधेरे में कोयला माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला की चोरी कर तस्करी की जा रही है। इसी सूचना के बाद एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया और यह कार्रवाई की गयी। इस बाबत एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# खाना नहीं मिला, तो बेटे ने मां को मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मां से बेटे ने मांगा था दाल, चावल और सब्जी, नहीं मिला तो मां की जान ले ली, रात भर शव के सामने बैठा रहा**

**पूर्वी सिंहभूम।** खाने के लिए नाबालिग बेटे ने अपनी मां की ही हत्या कर दी। खाने में बेटा दाल चावल के साथ सब्जी चाहता था। जब उसे खाना नहीं परोसा गया, तो इतना गुस्सा आया कि उसने अपनी मां की हत्या कर दी। पिता ने बीच - बचाव करने की कोशिश की, तो उस पर भी हमला कर दिया। हत्या के बाद बेटा रात भर अपनी मां के शव के सामने बैठा रहा। सुबह घटना की पूरी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि गणेश मुंडा को दी गयी, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार शनिवार को बाल सुधार गृह भेज दिया।

### नशे की हालत में बेटे ने मां की हत्या कर दी

घटना पूर्वी सिंहभूम की सांडरा पंचायत के छोटा धोडांगरी की है। बैसागी मुंडा (55) के बेटे ने नशे की हालत में अपनी मां की ही हत्या कर दी। घटना गुरुवार देर रात की है। पुलिस ने गांव जाकर बेटे को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी रामदयाल उरांव ने बताया कि मां बेटे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद बेटे ने मां की हत्या कर दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपी बेटा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह नाबालिग है। ग्रामीणों का कहना है कि खाने को लेकर शुरू हुए विवाद में यह हत्या हुई है।

# पिकअप ने बाइक सवार युवक को चार किलोमीटर तक घसीटा

**हाथ और चेहरा सड़क पर घिसा, तड़पते हुए तोड़ा दम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिले में एक अज्ञात पिकअप ने शनिवार सुबह बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में मिर्च कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया।

घटना महागामा थाना क्षेत्र नुनाजोर चौक के आगे की है। यहां ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के कजरैल निवासी मनोज पोद्दार के 26 वर्षीय पुत्र आनंद पोद्दार उर्फ छोटू की बाइक अज्ञात पिकअप वैन की चपेट में आ गयी। इससे मिर्च कारोबारी आनंद उर्फ छोटू की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के संबंध में मृतक आनंद पोद्दार के पिता मनोज पोद्दार ने बताया कि बिहार के बाराहाट क्षेत्र के हरिपुर निवासी हाइवा चालक 50 साल के चंदन यादव भी घटनास्थल के निकट चाय पीने के लिए सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान बाइक चालक आनंद ने चंदन यादव को बचाने के क्रम में गोड्डा की तरफ से विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन की चपेट में आ गया।

### युवक के हाथ के चीथड़े उड़े

टक्कर मारने के बाद वैन में ही बाइक फंस गयी और करीब चार किलोमीटर तक बाइक को घसीटते हुए नुनाजोर से लहठी बजरंगबली मंदिर तक ले गयी। इससे आनंद ने तड़पते हुए सड़क पर ही दम तोड़ दिया। आनंद का एक हाथ और चेहरे का हिस्सा सड़क पर घिस कर चिथड़े-चिथड़े उड़ गये। बाइक के भी परखच्चे उड़ गये। वहीं, घटनास्थल पर पिकअप वैन ने चंदन यादव को टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश सिंह दलबल के साथ पहुंच कर शव और गंभीर रूप से घायल चंदन यादव को महागामा रेफरल अस्पताल लेकर आये।

# साहिबगंज में पकड़ाया बांग्लादेशी युवक

**तालझारी रेलवे स्टेशन के आउटर में गिरा मिला, पूछताछ करने में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** तालझारी पुलिस ने शुक्रवार की रात तालझारी रेलवे स्टेशन के पास से एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे राजमहल थाने की पुलिस को सौंप दिया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

नजमुल हलदार नामक वह युवक बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के मारलिगंज थाना क्षेत्र के खुनदाबेला गांव का रहनेवाला है। बताया जाता है कि वह तालझारी रेलवे स्टेशन के आउटर के पास गिरा हुआ था। लोगों ने उसे उठाया और पुलिस को सूचना दी। इसी क्रम में पुलिस ने उसे पकड़ा। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में सवार लोगों ने उसे चोर समझ कर धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गया। उसने बताया कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में उसकी मुलाकात सागर नामक एक भारतीय युवक से हुई। उसने बताया कि वह दिल्ली में अच्छा काम दिला देगा। इसलिए उसने 20 हजार रुपये लिये और सिलेट में भारत-बांग्लादेश की सीमा पार करा दिया। वह उसे पहले कोलकाता, फिर वहां से दिल्ली ले गया।

युवक ने बताया कि उसके साथ कुछ अन्य युवकों को भी बॉर्डर पार कराया गया था। भारत में पहुंचने पर सागर ने उससे वहां का सिम कार्ड ले लिया और भारतीय सिम कार्ड थमा दिया, जो उसके पास है। दिल्ली में उससे कबाड़ी का काम कराया जाता था। बदले में सौ रुपये प्रतिदिन दिया जाता था। इससे वह नाशुख था और वहां से ट्रेन पकड़ कर लौट रहा था। इसी क्रम में यह घटना हुई। पुलिस उसके बयान का सत्यापन कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने किसी और मकसद से तो भारत में प्रवेश नहीं किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 °c | 14.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.50 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.15 बजे |

### उपचुनाव को लेकर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता ने विपक्ष पर साधा निशाना

# गवाहों को प्रभावित कर ममता को भेजा गया जेल, जनता करेगी इंसाफ : सुप्रियो

**कहा- एनडीए का नारा अबकी बार डेढ़ लाख पार 27 फरवरी को धराशायी हो जायेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य शनिवार को रामगढ़ पहुंचे। उन्होंने रामगढ़ उपचुनाव को लेकर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में कहा कि विपक्षियों ने एक साजिश के तहत बिना मतलब का रामगढ़ को चुनाव थोपा है। यहां की पूर्व विधायक ममता देवी को साजिश के तहत फंसाया गया है, जिसके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा। नतीजतन रामगढ़ के लोगों के सिर पर अनावश्यक चुनाव का बोझ बढ़ा है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि एनडीए का गठबंधन बेमेल और स्वार्थी है। ये लोग सत्ता से दूर होते ही तरह-तरह के हथकंडे अपनाने लगते हैं, लेकिन झारखंड का जनमानस इन लोगों की मंशा समझ चुका है। इसके कारण उन्हें किसी भी साजिश में कामयाबी नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई उपचुनाव हो चुके हैं, जिसमें महागठबंधन की भारी बहुमत से जीत हुई है।

इस बार भी रामगढ़ का उपचुनाव एकतरफा और ऐतिहासिक होगा, जिसमें महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो भारी मतों से विजय होंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि सपना देखना अच्छी बात है । हर किसी को सपना देखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि एनडीए का नारा अबकी बार डेढ़ लाख पार 27 फरवरी को धराशायी हो जायेगा। रामगढ़ अब किसी भी छल प्रपंच में फंसने वाला नहीं है। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार महतो भी थे।

# बौखलाहट में सोरेन परिवार के एक्सिडेंटल उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री का गाली देना स्वाभाविक : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर पर सीएम हेमंत सोरेन की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें भाषण के दौरान सीएम की जुबान फिसल जाती है। इस पर बाबूलाल ने कहा कि ये किसी चोर, उचक्के, पाकेटमार, गुंडे, मवाली की आवाज नहीं है। ये सोरेन परिवार के एक्सिडेंटल उत्तराधिकारी राजकुमार हेमंत सोरेन रामगढ़ में चुनावी सभा में भाषण दे रहे हैं। घोटाले और लूट की पोल खुलने के बाद से जेल जाने की संभावना से परेशान हेमंत सोरेन के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। नियोजन एवं खतियान नीति के ड्रामे और झूठ की पोल खुल गयी है। पूजा सिंघल, प्रेम प्रकाश जैसे लोगों के बाद इंजीनियर वीरेंद्र राम के पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री को यह डर सता रहा है कि ये लोग कहीं उनका नाम न ले लें। इसलिए बौखलाहट में उनका गाली बकना स्वाभाविक है।

**राशिफल**

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

# सीएम का बयान गैर जिम्मेदाराना और अवैध संपत्ति को बढ़ावा देनेवाला : दीपक प्रकाश

**कहा- सरकार के मुखिया भ्रष्ट लोगों, बिचौलियों, दलालों को बैंक से दूर रहने की सलाह दे रहे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान को गैर जिम्मेदाराना और अवैध संपत्ति को बढ़ावा देनेवाला बताया है, जिसमें उन्होंने लोगों को पैसे जमीन में गाड़ कर रखने की सलाह दी है। श्री प्रकाश ने कहा कि जिसके पास वैध कमाई होगी, वह क्यों पैसे को जमीन में छुपा कर रखेगा? बैंकों में राशि सुरक्षित भी है और ब्याज भी कमाती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार की गर्त में धकेल दिया है। जिस तरह से राज्य में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई हो रही है, उससे मुख्यमंत्री का भय और सच्चाई जुबान पर फिर आ गयी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान बैंकों का अपमान नहीं, बल्कि राष्ट्र का अपमान है। करेंसी राष्ट्रीय संपत्ति है। उन्होंने कहा कि भारत में मोदी सरकार के आते ही करोड़ों गरीबों ने बैंकों का दरवाजा देखा। जनधन खाता के माध्यम से मिनटों में गरीबों के खाते में वृद्धा, विधवा, अटल पेंशन, छात्रवृत्ति, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण की सहायता राशि, किसान सम्मान निधि के पैसे ट्रांसफर हो जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री जैसे जिम्मेवार और संवैधानिक पद पर बैठ कर ऐसा बयान देना जनता को विकास की मुख्यधारा से काटना और अनैतिक कार्यों के लिए प्रेरित करने जैसा है। श्री प्रकाश ने कहा कि अवैध कमाई को बैंक में जमा कराने का खामियाजा झामुमो के नेता भुगत चुके हैं। इसलिए राज्य में अवैध कमाई और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देनेवाली सरकार के मुखिया भ्रष्ट लोगों, बिचौलियों, दलालों को बैंक से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी को अपने गैर जिम्मेदाराना बयान के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com

# राष्ट्रपति और राजनाथ सिंह से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने की शिष्टाचार भेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रपाति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की है। यह शिष्टाचार मुलाकात दिल्ली में हुई है। इस मुलाकात को लेकर राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट कर लिखा है कि नयी दिल्ली में झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात हुई। मैं उनके आगे की फलदायी कार्यकाल की कामना करता हूं। बता दें कि पिछले शनिवार को ही उन्होंने झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ ली है। यहां आते ही उन्होंने सबसे पहले कहा कि मैं झारखंड के विकास के लिए आया हूं। बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ सीपी राधाकृष्णन के बहुत अच्छे संबंध हैं क्योंकि वह खुद भी दक्षिण भारत से भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं।

**छोटी उम्र में ही थाम लिया था भाजपा का दामन**

तमिलनाडु में उनको मोदी के नाम से जाता है। उनके चाचा कांग्रेस के नेता थे इसके बाद भी वह भाजपा में शामिल हुए। बहुत छोटी उम्र से ही वह भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। 16 साल की उम्र में ही उन्होंने आरएसएस का दामन थाम लिया था। कोई शक नहीं है कि सीपी राधाकृष्णन की वजह से ही दक्षिण भारत में भाजपा मजबूत हो सकी है। उन्होंने अपने बलबूते तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत बनाया। सीपी राधाकृष्णन साउथ से भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं।

**राष्ट्रपति से की मुलाकात**

वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नयी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

# झारखंड में अग्निवीरों की नियुक्ति प्रक्रिया में हुआ बदलाव: राकेश कुमार

**अभ्यर्थियों को अब ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम से गुजरना होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में अग्निवीरों की भर्ती को लेकर नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। नयी व्यवस्था के संबंध में झारखंड के डायरेक्टर रिक्रूटिंग राकेश कुमार ने शनिवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बहाली प्रक्रिया में बदलाव के तहत अभ्यर्थियों को अब सबसे पहले ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम से गुजरना होगा। दूसरे चरण में शॉर्टलिस्टेड किये गये उम्मीदवारों को संबंधित आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिसेस की ओर से निर्धारित स्थानों पर भर्ती रैली के लिए बुलाया जायेगा, जहां उनका फिजिकल फिटनेस टेस्ट लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बहाली प्रक्रिया के तीसरे और अंतिम चरण में सिलेक्टेड कैंडिडेट को रैली स्थल पर मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। कुमार ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पिछले 16 फरवरी से शुरू हो गयी है, जो 15 मार्च तक जारी रहेगी। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उम्मीदवार अपने आधार कार्ड या फिर दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र का प्रयोग करके रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नियमों में जो बदलाव किये गये हैं, इसके तहत हर अभ्यर्थी को ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के लिए 500 रुपये शुल्क जमा करना होगा। एग्जाम फीस का 50 प्रतिशत शुल्क सेना की ओर से दिया जायेगा। ऑनलाइन एग्जाम में शामिल होने के लिए सेना की ओर से परीक्षा शुरू होने के 10 से 14 दिन पहले एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

# नयी बिजली दरों के लिए मार्च में होगी जनसुनवाई

**अप्रैल तक नयी दरें निर्धारित करने का लक्ष्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य विद्युत नियामक आयोग अप्रैल माह तक नयी बिजली दरें घोषित करेगा। नियामक आयोग की मानें तो मार्च के अंत तक नयी दरों के लिए जनसुनवाई की जायेगी। जनसुनवाई की बहस के बाद आयोग बिजली दरें घोषित करेगा। फिलहाल आयोग जेबीवीएनएल के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। उसके बाद जनसुनवाई की जायेगी। नियामक आयोग की मानें तो नयी बिजली दरें तय करने के पहले आयोग जनसुनवाई करता है, जिसमें आम जनता, उद्यमी, जेबीवीएनएल प्रतिनिधि समेत अन्य सेक्टर के लोगों को शामिल किया जाता है। जनसुनवाई के नतीजों पर ही बिजली दरें तय की जाती हैं। बता दें कि साल 2020 के बाद से राज्य में नयी बिजली दरें तय नहीं हुई हैं। पिछले साल नवंबर में जेबीवीएनएल ने आयोग को टैरिफ प्रस्ताव दिया था। आयोग इस बार साल 2023-24 के प्रस्ताव पर कार्यरत है। साथ ही इस साल नयी दरें भी तय करने के बाध्य है।

**20 फीसदी वृद्धि का प्रस्ताव**

जेबीवीएनएल के प्रस्ताव में 20 फीसदी बिजली वृद्धि की बात कही गयी है। वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व रिपोर्ट (एआरआर) दाखिल की है, जिसके आधार पर टैरिफ प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी।

**झारखंड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि **पंचम झारखंड विधान सभा** का **एकादश (बजट) सत्र दिनांक-27/02/2023** से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगे।

ह./-
सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखंड विधान सभा, रांची

ज्ञाप संख्या :-जनसंपर्क- 04/2023-387/ वि.स, रांची
दिनांक : 15/02/2023

### जी-20 : सांसद संजय सेठ की प्रशासन, जनता से अपील

# अच्छी छवि के लिए 1 से 3 मार्च तक स्वागतोत्सव की करें तैयारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों और लोगों से रांची में 2-3 मार्च को होनेवाली जी-20 की बैठक को एक ऐतिहासिक पल बताया है। अपील करते कहा है कि रांची की दुनियाभर में और बेहतर छवि बने, इसके लिए 1-3 मार्च तक स्वागतोत्सव मनायें। पीएम नरेंद्र मोदी के कारण देश को और रांची को एक शानदार अवसर मिला है, इसे गंवाना नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में शनिवार को रंगोली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संजय सेठ ने मीडिया से कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि जी-20 के प्रतिनिधि उनके लोकसभा क्षेत्र में आयेंगे। यह रांची का सौभाग्य है कि इस अंतरराष्ट्रीय बैठक से जुड़े जनप्रतिनिधियों की मेजबानी का अवसर मिला है।

**दुनियाभर में रांची को लेकर एक सकारात्मक मैसेज जाये**

इससे पूर्व रंगोली कार्यक्रम में सांसद ने खुद भी बढ़ चढ़ कर रंगोली निर्माण में एसएचजी और अन्य संगठनों की महिलाओं के साथ भागीदारी की।

## जी-20 सुनहरा अवसर

सांसद श्री सेठ के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से रांची में जी-20 की बैठक को लेकर लगातार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बैठक में अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। ऐसे में यह एक मौका है, जब रांची की एक अच्छी छवि का निर्माण करने में हम सब मिल कर योगदान दें। यहां का मौसम, पर्यटन और बहुत कुछ आकर्षक है। यह प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पूरा इलाका है। वाटरफॉल्स, डैम, तालाब हैं जो लुभाते हैं। लोगों को चाहिए कि दुनियाभर में रांची को लेकर एक सकारात्मक मैसेज जाये। इसी क्रम में रांची है तैयार, भारत है तैयार की थीम पर सब मिल कर काम करें। सांसद के मुताबिक 1-3 मार्च के दौरान पूरी रांची सुंदर, आकर्षक दिखे, इसमें सबों का योगदान चाहिए। हर चौक चौराहे पर दीये जलाये जाने का प्रयास है। प्रशासन से आग्रह है कि 2-3 को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण और अन्य पहलुओं पर ध्यान दे। रांची एयरपोर्ट पर जोहार का लोगो बनाये जाने के अलावा रांची और हटिया रेलवे स्टेशन, फिरायालाल चौक सहित अन्य जगहों पर भी रंगोली के जरिये सजावट की जायेगी।



## मजदूरों की रोजी-रोटी छिनना बंद करे जिला प्रशासन : प्रकाश रजक



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने जिले के इंदरवा में प्रशासन की कार्यवायी को शर्मनाक बताया है। शनिवार को झुमरीतिलैया में प्रेस वार्ता कर कहा कि 20 फरवरी 2023 को इंदरवा मे वन प्रमंडल एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा ढिबरा एवं पत्थर चुनने वाले मजदूरों के प्रति की गयी कार्रवाई बहुत ही शर्मनाक है। इस इलाके में 35 वर्षो से मजदूरों के द्वारा ढिबरा एवं पत्थर चुनकर अपना जीविकोपार्जन चलाते हैं एवं अपने बाल बच्चों की पढ़ाई लिखाई, इलाज इसी रोजगार के बलबूते चलाते हैं। वन प्रमंडल एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा की गयी कार्रवाई के चलते इस इलाके में मजदूरों के घर में मातम छाया हुआ है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि जिला प्रशासन को पहले इस इलाके के मजदूरों को रोजगार से जोड़ने के बाद ही इतनी बड़ी कार्रवाई करने की जरूरत थी ना कि अचानक। बुलडोजर चलाकर मजदूरों के साथ भयंकर अन्याय किया गया है। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, बबलू कुमार, मुकेश साव मौजूद थे।

## अवैध रूप से चल रहे आरा मिल को ध्वस्त किया



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** शनिवार को जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत छोटकी धमराय में श्मशान घाट के पास अवैध आरा मिल को ध्वस्त कर दिया गया। रेंजर रामबाबू कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुये ध्वस्त किया गया, कई लकड़ियां भी जप्त किये गये। रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छोटकी धमराय में अवैध रूप से चल रहे आरा मिल को ध्वस्त किया गया। जबकि कहीं लकड़ियां भी जप्त किया गया। इस दौरान रेजर राम बाबू कुमार ने बताया कि विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को कार्रवाई करते हुये और आरा मिल को ध्वस्त किया गया। छापामारी के दौरान राहुल कुमार, सुनील कुमार दास, पंकज कुमार दास, हीरामन उरवा आदि मौजूद थे।

## श्री श्याम निशान महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** श्री श्याम निशान महिला मंडल के तत्वावधान में फाल्गुन श्याम होली उत्सव अड्डी बांग्ला रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मनाया। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर महिलाओं ने होलिया में उडे. रे गुलाल श्याम जी के मंदिर में, गजरो लायो बाबा कर लो स्वीकार तथा कई प्रकार के धमाल भजन प्रस्तुत किये गये। बाद में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसमें रंग से रंग मिलाओं की विजेता प्रतीक्षा सहल, होली की विजेता नैतिक अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।बाबा का अलौकिक श्रृंगार और भजनों का कार्यक्रम भी होगा। मौके पर निशा अग्रवाल, अंजुला खाटुवाला, सारिका केड़िया, रश्मि शर्मा, आभा सुरेका, ज्योति अग्रवाल, पूजा शर्मा, ज्योति शेखावत, सुजाता जोशी, मुरली शर्मा, ऋचा भोजनवाला, मृदुला मोदी, कविता भोजगढ़िया, पायल जोशी, शीतल पोद्दार, सुविता अग्रवाल, मधु शर्मा, प्रीति केड़िया, सृष्टि जोशी, पूनम सहल और सुमन जोशी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थीं।

## डीएल ब्रदर्स फूड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय का उद्घाटन



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा बाजार चौक समीप डीएल ब्रदर्स फूड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीताकाट कर किया। मौके पर पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के कार्यलय खुलने से क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म में व्यवसाय करने वाले किसानों को काफी सहुलियत होगी। वही कंपनी संचालक जितेन्द्र प्रसाद एंव कैलाश यादव ने बताया कि यह कंपनी पोल्ट्री फिड गांव के फारमरो के लिए उच्च क्वालिटी का दाना तैयार करती है जो किसानो कि पहली भरोसेमंद कंपनी है जिसका उत्पादन हजारीबाग के बरकट्ठा एंव इचाक करती है। मौके पर पुर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, दयानंद चौधरी, अनिल कुमार पांडेय, बैजनाथ साव, कैलाश शर्मा, पिंकु कुमार, रानी कुमारी पांडेय, पुजा नायक, आलोक कुमार, सुनील गुप्ता, हरिहर दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लोक अदालत में 21 वादों का निष्पादन, 80 हजार की वसूली

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौंके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में दिये गये फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता संजय कुमार सिंह , बेंच संख्या दो में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या तीन में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम प्रताप चंद्रा एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत के सदस्य बालेश्वर राम, ममता सिंह एवं अधिवक्ता सुरेश कुमार ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 21 वादो का निष्पादन किया गया ।

## उत्पाद विभाग लगातार कर रहा है जिले में छापेमारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा होली के पूर्व चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गयी है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि बीते रात हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शेखा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर एक झोपड़ी नुमा मकान में मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो एवं उत्पाद विभाग की टीम द्वारा दल बल के साथ छापेमारी की गयी। जहां भारी मात्रा में शराब बनाने के सामानों को जप्त किया गया है । सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि 1400 लीटर स्पिरिट, 105 लीटर रंगीन शराब एवं 7 कार्टून विभिन्न ब्रांड के नकली शराबों को पकड़ा गया है। हजारीबाग जिले में छापेमारी लागेतार जारी रहेगा आपको बता दें कि उक्त स्थल से कई ब्रांड के स्टीकर, कार्टून एवं बोतल भी जप्त किए गये हैं । इससे यह प्रतीत होता है कि होली के मद्देनजर भारी मात्रा में शराब को बनाकर खपाने की चाहत रखी गयी थी।

### दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

# ऐतिहासिक कलश यात्रा में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**इचाक।** इचाक मोड़ स्थित दुर्गा नगर में आयोजित दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचण्डी महायज्ञ को लेकर शनिवार सुबह मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकली। 6 हजार से अधिक कलश यात्री भगवा धारण कर हाथों में कलश और नारियल लेकर मंदिर प्रांगण से निकले। जल यात्रा में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुये। कलश यात्री गाजे बाजे के साथ सिवाने नदी पहुंचे, वहां बनारस से आए आचार्य तीर्थ राज त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार शास्त्री ने मंत्रोचार कर कलश में जल भरवाया, कलश यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष भागवत मेहता, कुलदीप मेहता, बालेश्वर मेहता, डेगणरायण मेहता, सचिव कैलाश मेहता, सहसचिव जागेश्वर मेहता, कोषाध्यक्ष चंद्रधारि मेहता, सह कोषाध्यक्ष राजबल्भ मेहता, फुलेश्वर मेहता, सीताराम मेहता, परमेश्वर मेहता, तालेश्वर मेहता, सुखदेव मेहता, चोहन मेहता, दिनेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, राजेंद्र मेहता, उमेश मेहता, राजकुमार मेहता, चेतलाल महतो, नरेश मेहता, महेंद्र मेहता, मुंशी मेहता, पप्पू मेहता, सिकंदर मेहता, गोबिंद मेहता, निर्मल कुमार, दिगंबर कुमार मेहता, रंजीत मेहता, तुलसी मेहता, महेश साव, राजू मेहता, पप्पू कुमार, सुधीर मेहता, सुनील मेहता, नरेश मेहता के अलावा निगरानी समिति के अयोध्या मेहता, दिगंबर कुमार मेहता, राधाकृष्ण मेहता, जयनारायण मेहता, मथुरा मेहता, प्रयाग मेहता, सूदन साहू, बैजनाथ, श्यामलाल प्रसाद, पूर्व प्रमुख चंद्रदेव मेहता आदि का अहम योगदान रहा।

जलयात्रा में पूर्व विधायक जानकी यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, प्रणव वर्मा, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता, दिगंबर मेहता, आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, जीप सदस्य रेणु देवी, जदयू नेता अर्जुन मेहता, प्रमुख पार्वती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, जयनंदन मेहता, हरिहर मेहता, सुभाष सोनी, शंकर सिंह, मुखलाल मेहता, मुखिया उमेश मेहता, निशु कुमारी, नंदू मेहता, मोदी मेहता, राकेश मेहता, दिलीप मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

**नदी से जल उठाने के दौरान मिली देवी मां की मूर्ति**

जल यात्रा के दौरान नदी से देवी मां की मूर्ति मिली, जिसके बाद श्रद्धालुओ मां का जयजयकारा करते मूर्ति को मंदिर ले आये।

**जल यात्रा के दौरान एक दर्जन से अधिक महिलाओ के जेवर हुई चोरी**

जल यात्रा के दौरान एक दर्जन से अधिक महिलाओ के 20 लाख से अधिक के सोने के चैन, हार और मंगलसूत्र चोरों ने चोरी कर ली। इस दौरान चोरी करते एक महिला को पकड़ लिया गया।

## एकादशी उद्यापन को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत के ग्राम छुतहरी कटिया निवासी राजेन्द्र यादव की मां के द्वारा एकादशी उद्यपन को लेकर कलशयात्रा निकाली गयी। कलशयात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव विधिवत फीता काटकर शुभारंभ की। श्री यादव ने कहा कि इस तरह के यज्ञ क्षेत्र में कई जगहों पर हो रही है। इस तरह के यज्ञ करने से अशुरी शक्ति का नाश होता है और यज्ञ के हवन का प्रभाव जहां तक जाता है वहां तक हवा शुद्ध हो जाता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मोदी, युवा नेता उमेश यादव, केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, बीएनपी वर्णवाल, पूर्व विस्सूत्री अध्यक्ष बिरेन्द्र मोदी, पूर्व मुखिया भोला यादव, धनेश्वर यादव राजकुमार पासवान, अजय यादव, बासुदेव यादव, रामदेव यादव, बिजय यादव, सरयू प्रसाद यादव, गंगाधर यादव, इंद्रदेव मोदी समेत दर्जनों संख्या में ग्रामीण श्रृद्धालु शामिल थे।

## विधानसभा पर धरना को लेकर पोषण सखी संघ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग पर 27 फरवरी से बजट सत्र के दौरान विधानसभा के समक्ष होने वाले अनिश्चितकालीन धरना की सफलता के लिए सीटू के नेतृत्व में पोषण सखी संघ की बैठक ब्लॉक परिसर स्थित तालाब पार्क में जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान की अध्यक्षता में हुयी। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड के छह जिलों मे आंगनबाड़ी मे कार्यरत 10388 पोषण सखी को केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला फंड बंद कर दिए जाने के कारण बैठक में गायत्री पासवान, जरीना खातुन, रश्मी कुमारी, शाहिना प्रवीण, नाहिद अख्तर, सोनी कुमारी, उर्मिला कुमारी, सरिता कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी, सुबन्ती कुमारी, गुड़िया देवी, अन्नु कुमारी, प्रीति कुमारी, अनीता देवी, शिल्पी देवी, शबाना आजमी, शगुफ़्ता प्रवीण, कुमारी सरिता, मुन्नी देवी, रेखा देवी आदि मौजूद थी।

## श्रम विभाग ने शहर के होटलों में बाल श्रम के विरुद्ध चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में धावा दल ने शनिवार को शहर के होटलों में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के झण्डा चौक स्थित हँडिया चाय दुकान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बाल श्रमिक चतरा जिले के लावालौंग प्रखण्ड का रहने वाला है। बालक की उम्र 12 वर्ष है। धावा दल में श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना कुमार पाण्डेय सहित श्रम कार्यालय के प्रत्युष कुमार शामिल थे। बाल श्रमिक को विमुक्त कराकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चों की चित्रकला और पत्र लेखन में दिखी रचनात्मकता

**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी रोड सलैया में स्थित दिव्यांग पब्लिक स्कूल में पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत चित्रकला, पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। चित्रकला के शिक्षक अजय कुमार के निर्देशन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनायी।

## जमीन विवाद को लेकर आपस में भिड़े दो गुट

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना से सटे गुरूचट्टी में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर लात घुसें चली। इस संबंध में दोनों पक्ष के आवेदन के बाद थाना में दो अलग-अलग मामला दर्ज करते हुए 20 से अधिक लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मारपीट सरसों फसल काटने को लेकर बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पहले दोनों पक्ष के बीच बंटवारा हुआ था और सभी पक्ष जमीन बंटवारा से संतुष्ट थें। लेकिन कुछ ही दिनों के बाद फिर लडाई-झगडा का मामला सामने आया। एक आवेदन बालेश्वर महतो ने 16 लोगों के विरुद्ध दिया। इस आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 76/23,वहीं दूसरा आवेदन कमलनाथ महतो ने 10 लोगों के विरुद्ध दिया है जिसमें कांड संख्या 77/23 के तहत मामला दर्ज की गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद तिर्की से पुछे जाने पर कहा कि दोनों तरफ से मामला दर्ज कर ली गयी है। आगे के करवाई जांचोपरांत के बाद की जायेगी। वहीं श्री तिर्की ने लोगों से अपील किया है कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं लेंगे। किसी प्रकार के परेशानी पर कानून का सहारा लें।

# चंदोल निवासी पप्पू की मौत, उड़ीसा के लाजी बेरना स्टेशन के पास मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के ग्राम चन्दोल निवासी प्रवासी मजदूर पप्पू राम होली पर्व अपने घर वालों से मनाने के लिए मुंबई से अपना घर आ रहा था लेकिन रास्ते में उड़ीसा राज्य के झारसुगुड़ा जिला के लाजी वेरना रेलवे स्टेशन के पास कटकर उसकी मौत हो गयी। रेलवे पुलिस के अनुसार यह घटना 24 फरवरी की 10:00 पूर्वाह्न की है। इसकी सूचना रेलवे पुलिस के जीआर पीएफ के गोपाल कुमार द्वारा मोबाइल के माध्यम से मृतक के परिजनों को 2:00 पूर्वाहन में दी गयी। पप्पू 8 माह पहले ही मजदूरी करने के लिए मुंबई गया था। 23 फरवरी को होली का त्योहार मनाने के लिए मुंबई से बड़कागांव आने के लिए मुंबई हटिया ट्रेन पर सवार हुआ। 24 फरवरी को 10:00 उड़ीसा राज्य के झारसुगड़ा जिले के लाजे वरना रेलवे स्टेशन से 1 किलोमीटर पीछे रेलवे लाइन में पप्पू राम का कटा हुआ सर व धड़ रेलवे कर्मियों ने देखा। इसकी सूचना कर्मियों ने रेलवे पुलिस को दी।

**पप्पू का शव लेने पहुंचे ग्रामीण**

ग्राम चंदौल से पप्पू राम के शव को लेने के लिए हेमंत भुइयां ,महेश भुइयां,इंद्रदेव राम, अजय भुइँया, विकास पांडेय, मानकी भुइयां, अग्नि भुइँया एवं मनु प्रजापति उड़ीसा 25 फरवरी को पहुंचे हैं।

**पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप**

इधर पत्नी रूपा देवी का कहना है कि मेरे पति घर आते समय मोबाइल द्वारा जानकारी दिये थे कि उनके पीछे मारपीट करने के लिए गुंडे लगे हुये हैं। इसलिए मेरे पति को किसी ने हत्या कर रेलवे लाइन में फेंक दिया है। ताकि हत्या के साक्ष्य को छुपाया जा सके

**नॉकरी व मुआवजे की माँग**

प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचन देव कुमार, पंसस सुनीता देवी, सुरेश चौधरी, उप मुखिया शमशेर अंसारी, अचेश्वर राम, ने मृतक के पत्नी को नौकरी एवं मुआवजे की मांग की है।

## कंचन देवी बनी जदयू सदर प्रखंड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के चुरचू गांव स्थित पुराना शिव मंदिर परिसर में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ हजारीबाग की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न सामाजिक समस्याओं सहित महिला अत्याचार पर चर्चा हुयी। बैठक में चुरचू निवासी कंचन देवी को सदर महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने विश्वास व्यक्त किया की कंचन देवी की अगुवाई में प्रखंड स्तर पर सदस्यता अभियान तेज होगी एवं विभिन्न सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से सुजाता सिंह, नेहा कुमारी, वीणा देवी, गुड़िया देवी, रिंकी, मुनिया देवी, सुशीला देवी, काजल देवी, ललिता देवी, मीना देवी, आरती कुमारी, सोनी कुमारी एवं जिला से यासीन अंसारी, राजू खंडेलवाल, मिथिलेश सिंह, प्रेमचंद राम, साबिर अहमद, प्रदीप रजक के साथ कई महिला पुरुष उपस्थित थे। उक्त जानकारी पार्टी के प्रवक्ता और जिला के वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने दी।

## मंडई खुर्द में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुशवाहा क्लब हनुमान मंदिर मंडई खुर्द में शनिवार को हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया है। जिसमें सैकड़ों महिला एवं पुरुष भक्ति भाव में झूमते नजर आये। साथ ही साथ पूजा अर्चना के बाद लगातार 24 घंटे का अखंड कीर्तन में हरे रामा हरे कृष्णा के झूमते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि इस अखंड कीर्तन में पूजा अर्चना के बाद बजरंगबली के झंडे का पूजा किया गया। पूजा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन के अध्यक्ष लीलो महतो, कोषाध्यक्ष संकर कुमार, एवं मंडई खुर्द मुखिया उषा देवी, उप मुखिया कुमार श्वेता वर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुरेश कुमार महतो एवं सभी वार्ड सदस्य शामिल थे। साथ ही पूजा में शामिल नरेश महतो, नारायण महतो, उगान महतो, राजेंद्र प्रसाद नागो महतो, बाजो महतो, महेंद्र कुशवाहा, विनय कुमार, होनिया देवी, उर्मिला देवी, मुंदरी देवी शामिल थे।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज ने किया चिकित्सा कैंप का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झिंझरिया पूल के पास ज्ञान ज्योति पैरामेडिकल के छात्र छात्राओं के द्वारा एक चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड टेस्ट, बीपी तथा ब्लड ग्रुप की जांच की गयी। मौके पर जांच करने के साथ-साथ लोगों की कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देने के साथ साथ समझाया गया की उन्हें अपने खानपान तथा दैनिक दिनचर्या पर किस तरीके का सुधार करना चाहिये, ताकि एक स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जी सकें। स्वास्थ्य आज की सबसे बड़ी संपति है। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 100 से ज्यादा लोगों की नि शुल्क जांच की गयी। पिछले कई वर्षों एवं दिनों में भी इस कॉलेज तथा छात्रों का जागरूकता तथा चिकित्सा कैंप के आयोजन में एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां के छात्र छात्राओं को कक्षा के साथ-साथ प्रयोगिक शिक्षा का भी बेहतर अवसर प्राप्त होता रहा है, इससे उन्हें काफी लाभ मिलता है। कैंप के आयोजन में दयानंद कुमार यादव, शिवम विश्वास, अमित वर्मा, सिकंदर यादव, सचिन यादव, दिनेश, सूरज, अनुराग, अरशद सुषमा कुमारी, अंजली कुमारी तथा उजाला कुमारी ने अपना योगदान दिया।

## टीबी के प्रति लोगों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** विश्व यक्ष्मा दिवस के उपलक्ष्य में टीबी के प्रति लोगों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक माह 24 फरवरी से 24 मार्च 2023 तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस के अंर्तगत आज 25 फरवरी को डॉ रमण कुमार जिला यक्ष्मा पदाधिकारी कोडरमा एवं प्रकाश कुमार रवि एसटीएलएस के द्वारा जेजेकॉलेज में छात्र-छात्राओं को यक्ष्मा संबंधित बिमारी की जानकारी, ईलाज एवं बचाव की विस्तृत जानकारी दी। डॉ रमण जिला यक्ष्मा पदाधिकारी कोडरमा द्वारा छात्र-छात्राओं को यक्ष्मा संबंधित बिमारी की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं से यक्ष्मा संबंधित बिमारी के लक्षण एवं ईलाज के बारे में जानकारी गॉव व समाज के अन्य लोगो तक पहुॅचाने में उनसे सहयोग की अपील की। प्रकाश कुमार रवि एसटीएलएस ने कहाकि वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन में आप सभी लोगों के सामुहिक प्रयास से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है फिलहाल जिले में यक्ष्मा का ईलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्र, एच.डब्लू.सी एवं सदर अस्पताल कोडरमा में उपलब्ध है। साथ ही जानकारी दी की अगर्क सी व्यक्ति को टीबी बिमारी निकलता है तो उनको यक्ष्मा की दवा के साथ-साथ उनके संपर्क वाले व्यक्तियों को भी यक्ष्मा बिमारी से बचाव हेतु दवा दी जाती है। उक्त कार्यक्रम में जेजे कॉलेज के शिक्षक डॉ संजय कुमार विभागाध्यक्ष बीएड एवं जिला यक्ष्मा विभाग, कोडरमा के कर्मी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## चनाको, बेंदी एवं चोहरी चट्टान वन रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा प्रखंड के चनाको व चंदवारा प्रखंड के बेंदी एवं चोहरीचट्टआन गांव में वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुये। गांव के ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पारंपरिक तरीके से पुष्प गुच्छ देकर व तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही गांव के बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत गया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों के संकल्प के बाद निश्चित तौर पर इन जंगलो को सुरक्षित और संरक्षित किया जायेगा, साथ ही हर वर्ष त्योहार के रूप में लोग इन जंगलों में पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लेंगे। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह ने कहा कि वनों की कटाई होने के कारण जंगली जानवर रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं, जिससे इंसानों को क्षति हो रही है। उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी व अन्य अतिथियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौजूद लोगों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये संकल्प को दोहराया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अब तक पर्यावरण को पहुंचायें के नुकसान के लिए 1 मिनट का मौन धारण भी किया। चंदवारा प्रखंड के चोहरीचट्टआन एवं कोडरमा के चनाको गांव में उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा भूमि संरक्षण से एक तालाब का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, वन क्षेत्र पदाधिकारी, पीएमयू सदस्य धनपाल, अनुज व अन्य मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
05

## डीएवी बरकाकाना ने किया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बरकाकाना(आजाद सिपाही)। डीएवी बरकाकाना ने एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सीबीएसई सीओइ पटना के तत्वावधान में प्रोस्पेक्टिव रिसोर्स पर्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर सेफ्टी एंड सेक्युरिटी विषय पर चर्चा हुयी। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षक ने भाग लिया। कार्यशाला में सर्वप्रथम पारंपरिक रूप से डीएवी गान प्रस्तुत किया गया।तदोपरांत स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह,रिसोर्स पर्सन डॉ पुष्कल गिरी,नेहा सोनकर पाठक व विभिन्न स्कूल से आए प्रचार्य ने संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित शिक्षको ने विषयवस्तु पर अपनी अपनी बात रखी। विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा इस भौतिकवादी युग में विकास के साथ-साथ होने वाले साइबर क्राइम से बचने के लिए साइबर से संबंधित उचित ज्ञान एवं सही तकनीक की जानकारी जरूरी है। उन्होंने कहा जिस गति से साइबरक्राइम करने वाले तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं हमें भी उससे बचने के लिए उससे अधिक गति के साथ तकनीकी रूप से मजबूत एवं सजग रहने की आवश्यकता है। सजगता और सही ज्ञान ही साइबर क्राइम को रोक सकता है। आज आधुनिकता की धारा में बहने के बजाय आधुनिकता से होने वाले खामी के प्रति लोगों को सतर्क करने की आवश्यकता है। तकनीक ने जहां एक ओर पूरे विश्व को नजदीक ला दिया है वहीं दूसरी ओर हमें जोखिम के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसे में हमें ऐसा विकास सुनना है जो क्षणिक ना होकर स्थायी हो।

## जेएसपी फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के लिए शुरू किया एथलेटिक प्रोग्राम



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। जिंदल स्टील एंड पॉवर के सीएसआर विभाग और स्पेशल ओलंपिक्स भारत के झारखण्ड इकाई द्वारा आसपास के क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के लिए आशा-दी हॉप प्रोजेक्ट के तहत एथलेटिक कोचिंग प्रोग्राम की शुरूआत हुयी। इसका उद्घाटन जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया और स्पेशल ओलंपिक्स भारत के रीजनल डायरेक्टर सतबीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया गया। जिंदल स्टील एंड पॉवर के सीएसआर विभाग द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास एवं कौशल विकाश के लिए आशा-दी हॉप केंद्र संचालित करता है। इस केंद्र के द्वारा दिव्यांग बच्चों को मुफ्त थेरेपी, इलाज और पोषण सहायता दी जाती है। इस प्रोजेक्ट में मूल्य संवर्धन करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए एथलेटिक कोचिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। इस प्रोग्राम के तहत बच्चों को विभिन्न एथलेटिक खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए तैयार किया जायेगा। मौके पर प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने बच्चों और अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये कहा की बच्चों के समग्र विकास के लिए जेएसपी फाउंडेशन हर संभव कार्य करेगी। मौके पर जेएसपी पतरातू के एचआर प्रमुख सुभाष चंद्र, वित्त प्रमुख आरडी शर्मा, मार्केटिंग प्रमुख राजीव रंजन, परचेज प्रमुख अनुपम अनंत, डब्लूआरएम प्रमुख संतोष कुमार, बार मिल प्रमुख मुकुल पांडेय, सेफ्टी प्रमुख अशोक सिंह, सुरक्षा प्रमुख शिशुपाल सिंह सहित स्पेशल ओलंपिक्स भारत की और से हरभजन सिंह, अरुण प्रकाश दत्ता, सतनाम सिंह और मो. शमशाद मौजूद थे।

## केंद्रीय सरहुल पूजा समिति की रिवर साइड सरना स्थल में हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा रिवर साइड सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय सरहूल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संतोष मांझी व संचालन संतोष उरांव ने की। बैठक में सरहूल पूजा की तैयारियों, साफ-सफाई, कोष संग्रह आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इसके अलावे आगामी 25 मार्च को सरहुल जुलूस, झांकी आदि पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर विक्रम करमाली, श्रीनाथ करमाली, शयाम सुंदर करमाली, राजन करमाली, उमेश मुंडा, अनिल इक्का, उमेश करमाली, धर्मेन्द्र लोहरा, मनोज करमाली, आदित्य करमाली, राजकुमार गोंड़, संतोष बेदिया, जग्गू बेदिया, महेंद्र मुंडा, तरनी बेदिया, उमेश मुंडा, देव शरण मुंडा, शिव शंकर भुंइया, सुरेश रजवार, रितिका भोक्ता, राशल तिग्गा आदि मौजूद थें।

## जुबिली कॉलेज के तीन छात्रों ने रेलवे भर्ती परीक्षा में पायी सफलता



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज के तीन छात्र राजीव सागर, राजन कुमार दास और राजु कुमार दास ने रेलवे भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल किया है। तीनों छात्रो ने हाजीपुर रेलवे डिवीजन पास कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। तीनों छात्रो की सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके दास सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भुरकुंडा का आचार्य अभ्यास वर्ग एवं होली मिलन समारोह संपन्न



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को एकल अभियान भुरकुंडा व पतरातू संच का एक दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग सह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ ओंकार गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, विजय महामंत्र, हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ। मौके पर बीते माह के आचार्यों के साथ समीक्षा करते हुए आचार्य उपस्थिति पत्र, ग्राम कार्य विवरण, आचार्य, बच्चों व ग्राम प्रमुखों का लेटर भी रिपोर्ट के साथ जमा किया गया। इस बीच अंचल मूल्यांकन प्रमुख खिरेंद्र कुमार महतो ने एकल के पांच विषयों को गंभीरता से आचार्यों को बताने का काम किया। पतरातू संच प्रमुख नागेश्वर महतो आगामी माह के बारे में बताएं कि सभी आचार्य दीदी 2 से 4 अप्रैल तक तालाटांडा पंचायत के ग्राम पलानी करम टोला में होने वाले श्रीश्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन जुटे रहेंगे। बताया गया कि बड़ी दीदी व्यास संगीता किशोरी तीन दिवसीय श्रीराम कथा का श्रवण करेंगी। समारोह में भुरकुंडा संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी एवं संच समिति के सहसचिव विजय जी का आचार्यों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समारोह में संच समिति के माध्यम से रंग-गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह भी मनाया गया। साथ ही उपस्थिति लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भुरकुंडा संच प्रमुख शांति देवी ने शुभकामना मंत्र उच्चारण करते हुए आचार्यों को विदाई दी।

# रामगढ़ उपचुनाव में थमा भोंपुओं का शोर, अब डोर टू डोर जायेंगे प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ उपचुनाव को लेकर जारी प्रचार प्रसार शनिवार को 5 बजे के बाद बंद हो गया है। भौपुओं का शोर थम गया है। अब प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। बताते चलें कि 27 फरवरी को रामगढ़ उपचुनाव को लेकर मतदान होना है। जिसे लेकर मैदान में कुल 18 प्रत्याशी है। सभी प्रत्याशियों के द्वारा अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिये चुनाव का प्रचार प्रसार बड़े पैमाने पर कर रहे थे। चुनाव प्रचार वाहन विधानसभा क्षेत्र के तमाम गलियों में घूम रही थी। लेकिन चुनाव प्रचार का सिलसिला शनिवार को थम गया है। इससे पहले चुनाव प्रचार का आखिरी दिन तमाम प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पूरी ताकत झोंक दी। कई प्रत्याशियों ने मोटरसाइकिल जुलूस से लेकर पदयात्रा तक की।

**मतदान कल, प्रशासनिक तैयारियां पूरी**

इधर चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन कमर कस ली है। बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती की गई है। जिसपर खुद डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पियूष पांडेय नजर रखेंगे। मतदान 27 फरवरी को होना है। जिसे लेकर रविवार को मत पेटी लेकर कर्मी रवाना होंगे। जहां शांतिपूर्ण व्यवस्था में चुनाव को संपन्न कराने में भूमिका निभाएंगे।

## विद्यालय से पंखा की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** श्रमिक मध्य विद्यालय तोपा में पंखा व कुर्सी चोरी होने को लेकर प्राधानाध्यापक लोकनाथ महतो ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि बीती रात चोरों द्वारा दो पंखा, एक कुर्सी व दो दीवार घड़ी की चोरी कर ली। उन्होंने कुजू पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

# आजसू नेता मनोज मुंडा हत्याकांड का खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने आजसू नेता मनोज मुंडा हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में दो हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले की जानकारी शनिवार को एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। गिरफ्तार हत्यारों में विनोद गंजू और मुनेश्वर उरांव शामिल है। एसपी ने बताया कि 15 फरवरी को ग्राम अमझरिया से एक किमी दूर लोवाडीह झिंझी टोला में 4-5 मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा मनोज मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दिया गया था।

**लेवी का पैसा नहीं देने पर मनोज की हुई हत्या**

गिरफ्तार हत्यारों ने बताया कि मनोज मुंडा के द्वारा मांइस का काम से लेवी का पैसा नहीं दिया जा रहा था। पुलिस ने जब मुनेश्वर उरांव के घर छापेमारी की तो वहां से भी लोहे का एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने छापेमारी में 6 जिंदा कारतूस बरामद की है।

**टीम में ये थे शामिल**

पतरातू एसडीपीओ डॉ बिरेन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भरकुण्डा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुगार्शंकर मंडल, सब इंस्पेक्टर अफजल अंसारी, निर्मल उरांव सहित सशस्त्रबल के जवान शामिल थे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल)
ई-निविदा सं.: SnT-GS-DHN-02-Sig-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: पतरातु का PUVNL एवं प्रस्तावित North Urimari के साथ Connectivity प्रदान करने हेतु Utility Shifting एवं Yard modification के लिए S&T कार्य। (6 महीने) कार्य की लगभग लागत (रु. में): 7,03,81,205.08, ब्याने की राशि (रु. में): ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, निविदा बंद होने की तारीख तथा समय: ई-निविदा बंद होने की तारीख 20.03.2023 को 12:30 बजे तक, वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद
पीआर/02209/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/22-23/24

## स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातु।** पतरातू रेलवे अंतर्गत ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा दो कार्यालय में शनिवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन समाजसेवी ममता मंडल के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर डॉ निर्मल कुमार, डॉ निर्मल कुमार, डॉ केसी लाल, डॉ सानू लाल, डॉ अमरजीत कुमार, डॉ सरिता कुमारी आदि ने लगभग 200 रेल कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन नेता अजीत कुमार, बबलू कुमार, श्याम बिहारी तिवारी, कुश कुमार चौधरी, सुदेश कुमार राय, राकेश रंजन, मनोज कुमार श्रीवास्तव, दुर्गेश कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, मिथिलेश पांडे, पुरुषोत्तम कुमार, सीबी शर्मा आर उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामगढ़ में बंद रहेंगी शराब की दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार शाम 5 बजे के बाद रामगढ़ जिले में शराब की सभी दुकानें बंद हो जाएंगी। उन्होंने बताया है कि 48 घंटे तक शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। मतदान के दिन 27 फरवरी की शाम 5 बजे के बाद ही शराब दुकानों को खोला जाएगा। डीसी ने बताया कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से ही रामगढ़ जिले में ड्राई डे घोषित कर दिया गया है। इस अवधि में किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जायगा और न वितरित किया जाएगा। उक्त वर्णित अवधि के दौरान सभी देशी शराब, विदेशी शराब, कम्पोजिट शराब दुकान, बार एवं रेस्तरां, क्लब, पाली हिल्स व्रिवरीज प्रा लि, कैन्टीन स्टोर डिपार्टमेन्ट, थोक गोदाम एवं खुदरा मिलीट्री कैन्टीन पूर्णतः बन्द रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा
शुद्धि-पत्र
इस प्रमण्डल द्वारा ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- RDD/SD/CHATRA/14/2022-23/RE-1 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR290598 (Rural Development) 22-23*D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2023 के स्थान पर 01.03.2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 01.03.2023 के स्थान पर 02.03.2023 पढ़ा जाय।
निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
PR.NO.291281 Rural Development(22-23):D

## अभिकर्ता सुबोध तीसरी बार बने एमडीआरटी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गारिलौंग निवासी एलआईसी अभिकर्ता सह भास्कर हौंडा शोरूम प्रोप्राइटर सुबोध कुमार यादव ने लगातार तीसरी बार भारतीय जीवन बीमा कंपनी के हजारीबाग डीवीजन से एमडीआरटी होने का गौरव प्राप्त किया है। इनके बेहतर कार्यशैली से प्रभावित होकर एलआईसी हजारीबाग डिवीजन मुख्य प्रबंधक जी सी मुखी, शाखा प्रबंधक चिंतामणि साहू ने गारिलौंग आकर गृह आवास में अभिकर्ता सुबोध कुमार यादव को उपहार एव बुके देकर सम्मानित किया।

## रोड शो के दौरान बाइक से गिरे सांसद जयंत सिन्हा

## कार्यकर्ताओं के साथ 2 मार्च को ही मनायेंगे होली : जयंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में सांसद जयंत सिन्हा ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को रोड शो किया। शहर के एमएमटी ग्राउंड से शुरू हुए इस रोड शो में सांसद बाइक पर सवार होकर जनता के बीच उतरे थे। बाइक रैली करते हुए सांसद जयंत सिन्हा का काफिला थाना चौक के आगे एक्सिस बैंक के पास पहुंचा। इसी दौरान वे जनता का भी अभिवादन कर रहे थे। इसी बीच जिस बुलेट पर वे सवार थे, जिसे शिव महतो द्वारा चलाया जा रहा था, वह असंतुलित होकर गिर गया। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा को दाहिने पैर के घुटने और दाहिने हाथ में चोट लगी। आनन-फानन में सांसद जयंत सिन्हा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। उपचार के बाद जयंत सिन्हा ने दोबारा बाइक रैली में हिस्सा लिया। उनकी बाइक रैली शहर से होते हुये रामगढ़ कॉलेज और फिर पटेल चौक पर जाकर समाप्त हो गयी।


**कार्यकताओं के साथ 2 मार्च को ही मनाएंगे होली**

इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अग्नि परीक्षा जारी है। उन्हें उम्मीद है कि इस अग्नि परीक्षा का परिणाम भी काफी बेहतर होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू की उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने यह भी कहा कि होली 8 मार्च को है लेकिन हम सभी कार्यकताओं के साथ 2 मार्च को ही होली मना लेंगे।

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला
समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email- mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com
शुद्धि पत्र
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से लोहरदगा प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2022-23 तक मान्य होगा के लिए दिनांक 21.02.2023 के समाचार प्रकाशन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका PR 290717 Lohardaga(22-23)D है। उक्त प्रकाशन में टंकण भूलवश लोहरदगा प्रखण्ड के स्थान पर सभी प्रखण्ड अंकित हो गया है।
उपरोक्त के आलोक में सभी प्रखण्ड के स्थान पर प्रखण्ड लोहरदगा पढ़ा जाय तथा शेष शर्तें/कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।
जिला शिक्षा अधीक्षक
लोहरदगा
PR 291290 Lohardaga (22-23)_D

## भद्रकाली कॉलेज में एनएसएस इकाई ने किया विशेष कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** इटखोरी प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय परिसर में विनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के निर्देश में एनएसएस इकाई 1 के द्वारा 27 फरवरी से 05 मार्च तक आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रखंड के परसौनी पंचायत के दलित बहुल्य गांव केसोटाण्ड में किया जायेगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वक्षता, आत्मरक्षा, कविता प्रतियोगिता, दवा वितरण, भाषण प्रतियोगिता, अंधविश्वास और कुरीतियों के प्रति, जागरूकता शिक्षा के प्रति जागरूकता, दहेज प्रथा तथा नशाखोरी एवं दुर्व्य व्सनो के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता उत्पन की जाएगी। कार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र कुमार, पूर्व एनएसएस प्रभारी के अलावा वर्तमान में एनएसएस 1 एवं 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो संदीप कुमार एवं बालेश्वर पासवान, प्रो ललित मोहन चौधरी, प्रो सकेन्द्र मिस्त्री, महेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम जानकी प्रसाद दांगी, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो धीरेंद्र यादव, राकेश, कविता सिन्हा, डॉ मो मंसूर आलम, अखलेश पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़
(मतदाता जागरूकता कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति
मैं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रामगढ़ आप सभी मतदाताओं से अपील करती हुँ की 23-रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के निमित दिनांक 27.02.2023 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बनें क्योंकि "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर करेंगे हम/Nothing like voting I Vote For Sure."
मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक।
ह0/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, रामगढ़।
PR.NO. 291268 Election(22-23):D

## चुटुपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा, जाम में फंसे हजारों वाहन

# हादसे में एक ही परिवार के 2 बच्चे सहित महिला-पुरुष की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची पटना मुख्य मार्ग चुटुपालू घाटी फोरलेन में शनिवार की देर शाम भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो बच्चा एक पुरुष एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी है। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा है। हादसा के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी है। बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंसे हैं। पुलिस जाम हटाने के लिए काफी मशक्कत कर रही है। बताया जाता है कि रूट वन वे के सभी वाहन एक ही ओर से आनाजाना कर रहे थे। इसी बीच कंटेनर ने स्कूटी संख्या जेएच01ईई 4687 पर सवार पति पत्नी और उनके दो बच्चों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे चारों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। बताया जाता है कि मृतक रांची के होटवार के रहने वाले हैं। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गयी। जिसे पुलिस हटाने का प्रयास कर रही है। साथ ही मृतकों की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(जिला योजना)
आवश्यक सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन, लोहरदगा द्वारा DMFT मद से जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडिकल/इंजिनयरिंग प्रतियोगिता परीक्षाओं NEET/ JEE की निःशुल्क तैयारी कराने हेतु नदिया, लोहरदगा में होमी जे0 भाभा कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया गया है, जिसका नया बैच दिनांक 01.04.2023 से प्रारंभ होने वाला है। विद्यार्थियों का चयन मेधा के आधार पर किया जायेगा एवं आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
वैसे इच्छुक विद्यार्थी, जो Science Stream में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत् है अथवा 12वीं उत्तीर्ण कर लिये हैं एवं NEET/ JEE की तैयारी करना चाहतें हैं, वे प्रभारी पदाधिकारी, DMFT विकास शाखा, डी0आर0डी0ए0, जिला परिषद भवन, लोहरदगा/ सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय में दिनांक 15.03.2023 तक अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन हेतु आवेदन पत्र (Form) किसी भी कार्य दिवस में उक्त कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है।
ह0/-
उपायुक्त, लोहरदगा।
PR 291221 Lohardaga(22-23)D

# उग्र तत्वों पर लगे अंकुश

पंजाब के अमृतसर में गुरुवार को अजनाला पुलिस स्टेशन में जो दृश्य दिखा, उसे किसी भी तरह से सामान्य नहीं बताया जा सकता। मीडिया रिपोर्टों से सामने आये इसके ब्योरे डराने वाले हैं। अपहरण और मारपीट के एक मामले में एफआइआर दर्ज होने के बाद पुलिस कुछ लोगों को गिरफ्तार करती है। गिरफ्तार हुए लोग एक स्थानीय संगठन से जुड़े बताये जाते हैं, जिसका कहना है कि ये लोग बेकसूर हैं और इन्हें तत्काल छोड़ा जाना चाहिए। पुलिस इस दलील को स्वीकार नहीं करती है। इसके बाद पुलिस पर दबाव बनाने के लिए संगठन की अपील पर समर्थक थाने का घेराव करते हैं। बड़ी संख्या में तलवार, बंदूक और लाठियों से लैस भीड़ बैरिकेड्स तोड़ते हुए थाने में घुस जाती है। इस दौरान कई पुलिस वाले घायल होते हैं। इसके बाद पुलिस मान जाती है कि समर्थकों का दावा सही है। उसका कहना है कि समर्थकों द्वारा दिये गये सबूतों से साफ हो गया कि संबंधित व्यक्ति बेकसूर है और इसीलिए पुलिस ने उसे रिहा करना स्वीकार कर लिया। यह पूरा मामला न केवल संदेहों से भरा है, बल्कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस के मनोबल पर बेहद खराब टिप्पणी है। सच है कि हाल के महीनों में पंजाब में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, लेकिन गुरुवार की घटना ने इन सबको पीछे छोड़ दिया। अगर पुलिस से गलती भी हुई हो तो उसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने का शांतिपूर्ण विकल्प लोगों के पास मौजूद है, जिसका इस्तेमाल देश भर में लोग करते रहे हैं। यहां जिस तरह से तलवारें लिए लोग पुलिस स्टेशन में घुसे, उसे धरना-प्रदर्शन तो कतई नहीं कहा जा सकता। जहां तक पुलिस का सवाल है, तो एफआइआर दर्ज करने और उसमें गिरफ्तारी करने से पहले क्या घटना से जुड़े तथ्यों को खंगाल लेना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा नहीं होता? अगर फिर भी, उससे गलती हो गयी थी, तो जब संगठन से जुड़े लोग अपीलें करते हुए इस गलती को सुधारने की मांग कर रहे थे, तब उसने फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत क्यों नहीं महसूस की? जब लोग तलवारें लिये थाने में घुसे, तभी क्यों उसे यह इल्म हुआ कि उससे गलती हुई है? जाहिर है, यह मामला गलती को सही करने का उतना नहीं लगता, जितना पुलिस के दबाव में झुकने का। पुलिस की किसी कार्रवाई का सही या गलत होना अदालती प्रक्रिया में तय होता है। अगर इस तरह हथियारबंद भीड़ के कहे मुताबिक चीजें तय होने लगें तो कानून के राज का भला क्या मतलब रह जायेगा? कुछ हलकों से ऐसे आरोप भी सामने आये हैं कि उस संगठन से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। उस पहलू से भी मामले की जांच हो, यह तो ठीक है, लेकिन यहां मसला कानून-व्यवस्था का है। किसी संगठन को कानून हाथ में लेने और पुलिस-प्रशासन को इस तरह बंधक बना लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**हाल के महीनों में पंजाब में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, लेकिन गुरुवार की घटना ने इन सबको पीछे छोड़ दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कोयले, डीजल, पेट्रोल और दूसरे परंपरागत साधनों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा न केवल महंगी होती जा रही है, बल्कि उससे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा उससे होने वाले दुष्प्रभाव जीवन पर संकट बनकर सामने आ रहे हैं। औद्योगिक भारत बनाने के लिए विद्युत उत्पादन के नवीन स्रोतों को खोजना और उनका भरपूर इस्तेमाल करना ही अनिवार्य विकल्प है।**

# अक्षय ऊर्जा क्रांति विकसित देश बनने की राह आसान बना सकती है

पूरन चंद सरीन

हमारे देश में जब कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति हुई थी, तो हम खाद्यान्न के लिए विदेशों पर निर्भर थे। जमीन से अधिक उपज लेना ही इस स्थिति से बाहर निकाल सकता था। इसके लिए खेतीबारी में बदलाव जरूरी थे जिससे किसान को अपनी मेहनत का सही मुआवजा मिले और देश भुखमरी के चंगुल से बाहर निकल सके। आज वैसी ही स्थिति ऊर्जा के क्षेत्र में है।

पूरी दुनिया पर इसका असर दिखायी दे रहा है। कोयले, डीजल, पेट्रोल और दूसरे परंपरागत साधनों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा न केवल महंगी होती जा रही है, बल्कि उससे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा उससे होने वाले दुष्प्रभाव जीवन पर संकट बनकर सामने आ रहे हैं। औद्योगिक भारत बनाने के लिए विद्युत उत्पादन के नवीन स्रोतों को खोजना और उनका भरपूर इस्तेमाल करना ही अनिवार्य विकल्प है।



**भारत की भौगोलिक स्थिति और मजबूत हो रही आर्थिक क्षमता इस बात का प्रतीक है कि हम ग्रीन हाइड्रोजन हब बन सकते हैं। सूर्य और पवन देवता की मेहरबानी इतनी है कि ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना कोई मुश्किल काम नहीं है बशर्ते कि सरकार इसके लिए समुचित संसाधन बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराये।**

## अक्षय ऊर्जा का महत्व

इंगलैंड, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, चीन जैसे देशों ने बहुत पहले अनुमान लगा लिया था कि अक्षय ऊर्जा का उत्पादन ही एकमात्र विकल्प है जो इस परेशानी से मुक्ति दिला सकता है। उनकी कोशिश थी कि कैसे ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को खोज कर इस दिशा में अग्रणी बना जाये। सूर्य, जल, पवन से असीमित रूप से मिलने वाली ऊर्जा का इस्तेमाल ही एकमात्र उपाय है, जो वर्तमान और भविष्य का आधार बन कर उद्योगों का कायाकल्प कर सकता है।

**हाइड्रोजन को सस्ता बनाना जरूरी है, क्योंकि यह औद्योगिक ईंधन का कारगर विकल्प है।**

इन सभी देशों की अधिकांश औद्योगिक प्रगति सौर ऊर्जा पर आधारित हो रही है। इसके विपरीत भारत जिस पर सूर्य और पवन देवता की महत्ती कृपा है, वह अभी सोचने तक ही सीमित है और मामूली प्रयत्न ही कर पा रहा है। हमारा ज्यादातर औद्योगिक विकास प्रदूषण फैलाने वाली कोयले के इस्तेमाल से निर्मित होने वाली ऊर्जा पर ही निर्भर है। हमारे उद्योग जल से प्राप्त होने वाली ऊर्जा का भी सही प्रबंध नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि हमारे देश में 80 के दशक में वैकल्पिक ऊर्जा के साधन तैयार करने और उन्हें जन सामान्य तक सुलभ कराने के लिए अलग से विभाग और मंत्रालय बना दिये गये थे, लेकिन उनके अब तक के किये गये कामों को देखा जाये तो निराशा ही हाथ लगती है। इसका एक कारण यह है कि सरकार कोयले से चलने वाले पावर प्लांट से प्राप्त होने वाली बिजली के मोह से बाहर नहीं निकल पायी है। विडंबना यह है कि सोलर प्लांट लगाना और उससे प्राप्त बिजली की आपूर्ति करना इतना महंगा है कि चाहे उद्यमी हो या साधारण नागरिक, वह इसका इस्तेमाल करने में कोई रुचि नहीं दिखाता।

## ग्रीन हाइड्रोजन

भारत की भौगोलिक स्थिति और मजबूत हो रही आर्थिक क्षमता इस बात का प्रतीक है कि हम ग्रीन हाइड्रोजन हब बन सकते हैं। सूर्य और पवन देवता की मेहरबानी इतनी है कि ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना कोई मुश्किल काम नहीं है बशर्ते कि सरकार इसके लिए समुचित संसाधन बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराये। हाइड्रोजन को सस्ता बनाना जरूरी है, क्योंकि यह औद्योगिक ईंधन का कारगर विकल्प है। इसी के साथ लोगों को इसके इस्तेमाल तथा उपयोगिता के बारे में अभियान चलाना होगा और इसकी तकनीक हासिल करना सुगम बनाना होगा। यह बहुत तकनीकी विषय है, लेकिन इसे सामान्य भाषा में समझने की जरूरत है। नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इसी का एक कदम है। सामान्य व्यक्ति के लिए इतना जानना काफी है कि यह उन स्रोतों से प्राप्त किया जाता है, जो अक्षय हैं जैसे कि सूर्य, जल और वायु। इसकी खास बात यह है कि इससे कार्बन नहीं बनता और इसलिए प्रदूषण नहीं फैलता।

दूसरे देशों से मंगवाये जाने वाले फॉसिल ईंधन यानी कोयले पर निर्भरता कम हो जाती है, जिस पर अभी एक लाख करोड़ रुपया खर्च होता है। स्थानीय स्तर पर इसका निर्माण किए जाने से यह पैसा बचेगा और इसके साथ ही इसमें रोजगार की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। दूसरे देशों को इसका निर्यात हो सकता है। इसी के साथ बिजली से चलने वाली गाड़ियों का निर्माण और उनका चलना सुगम हो जायेगा। यदि देश को ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है तो यही एक विकल्प है। अभी तक हम सौर ऊर्जा का ही पूरा लाभ नहीं उठा पाये हैं जबकि इसकी संभावनाएं इतनी हैं कि पूरे देश की बिजली की जरूरत पूरी की जा सकती है। कह सकते हैं कि ग्रीन हाइड्रोजन आधुनिक और विकसित भारत का निर्माण करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। ग्लोबल मार्केट लीडर की भूमिका में भारत आ सकता है। सरकार को चाहिए कि इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार और प्रसार की मजबूत व्यवस्था करे, ताकि आम जनता समझ सके कि इसके क्या लाभ हैं और कैसे इससे तरक्की की जा सकती है।

## जमशेदपुर की खबरें

### अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का विभाग ने किया खुलासा

# पांच लाख की अवैध अंग्रेजी शराब उपकरण और सरकारी लेवल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के आबकारी विभाग ने बड़ी सफलता हासिल की है। विभाग ने कार्रवाई करते हुए लगभग पांच लाख का अवैध शराब बरामद कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के कमिश्नर एके मिश्रा ने बताया होली के त्योहार को लेकर उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जहा लगभग पांच लाख के अवैध अंग्रजी नकली शराब के साथ शराब बनाने के उपकरण और सरकारी लेवल बरामद किया गया। कमिश्नर ने कहा कि होली में अत्यधिक लाभ के उद्देश्य से शराब माफिया राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र पोटका प्रखंड के कवाली थाना अंतर्गत नीमताड़ गांव क्षेत्र में अवैध अंग्रजी शराब बहुत दिनों से बना रहा था। इसमें इस्तमाल होने वाले सामग्री ओड़िशा और बंगाल से उपलब्ध कराया जा रहा था। झारखंड सरकार के लेवल भी नकली बना कर कई ब्रांड का शराब बनाया जा रहा था। होली पर्व को देखते हुए उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि 2 बजे छापामारी की। मौके पर बड़ी संख्या में नकली शराब, ढक्कन और कई हजार लीटर स्प्रिड और सरकारी लेवल बरामद किया गया। उत्पाद कमिश्नर ने बताया विभाग में मेन पावर की कमी के कारण राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में दबिश कम बना पाते है, लेकिन इस बार होली को लेकर करवाई की गयी। इसमें मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का भंडा फोड़ हुआ। इस मामला सीबीआइ को जांच के लिए सौंपा जायेगा।

# सड़कों को अवैध कब्जा से कराया गया मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जिला स्तरीय बैठक में डीसी के निर्देश पर जिला प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ करवाई तेज कर दी। शनिवार से ही करवाई की तस्वीर जमशेदपुर की सड़को पर दिखने लगी है। जेएनएससी की योर से सड़कों किनारे ठेला खोमचा व दुकानदारों के द्वारा किए गए अवैध कब्जा को मुक्त कराया गया। मौके पर मजिस्टेट सुमित कुमार ने बताया सड़को पर ट्रैफिक की समस्या और शहर की सौंदर्यकरण को दाग लगाने वालो के खिलाफ जिला प्रशासन को लगातार शिकायत मिल रही थी। जिला स्तरीय मीटिंग में डीसी के निदेश पर तमाम नगर निकाय पुलिस महकमा शहर के तमाम क्षेत्रों से सड़क किनारे अतिक्रमण को मुक्त कराने में सभी जुटे है। इसके आलोक में पुलिस प्रशासन और जेएनएससी के सयुक्त तत्वधान में करवाई करते हुए साकची से स्टेशन जाने वाली मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अवैध दुकानों को हटाया गया। सड़क किनारे अवैध बने पार्किंग चबूतरा को तोड़ा गया। वहीं सड़कों पर टायर गोदाम बना चुके मालिको से फाइन काटा गया। जेएनएससी अधिकारी के अनुसार अभियान लगातार चलेगा। अब किसी को कभी इस तरह सड़क को कब्जा करने नही दिया जायेगा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

### प. सिंहभूम पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# आइइडी और जिलेटिन के साथ छह नक्सली गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा :** पश्चिम सिंहभूम पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने वाले एवं सड़क निर्माण में लगे वाहनों को आग लगाने वाले 6 लोग पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। चाईबासा पुलिस ने उनके पास से आईईडी ब्लास्ट में प्रयुक्त दो डेटोनेटर एवं दो जिलेटिन बरामद किये हैं। चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने शनिवार को पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के कमांडर को विस्फोटक सामग्री पहुंचाने वाले भाकपा (माओ) के सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गयी थी। उक्त टीम के सदस्यों ने बारीपोखरी जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर तुंबाहाका निवासी बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम को दौड़ा कर पकड़ा। बाद में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके अन्य सहयोगियों, डुबराज हेंब्रम उर्फ डुबराज, तुरी देवगम, पाल सिंह हेम्ब्रम को भी आइईडी ब्लास्ट में प्रयोग किये जाने वाले डेटोनेटर और जिलेटिन के साथ पकड़ा।

वहीं एक अन्य सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित टीम द्वारा घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रेंगाहातु में छापामारी कर वहां से भाकपा (माओ) के मिलिसिमा कमांडर दामू कोड़ा उर्फ जुडू कोड़ा, बीरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार माओदियों ने भी स्वीकार किया है कि वे विगत 12 फरवरी को टोंटो थाना क्षेत्र के चिरुईइकीर टोला में सड़क निर्माण में लगे वाहनों को जलाये जाने एवं जनवरी 2022 में तुम्बाहाका जंगल में, दिसंबर 2022 में रेंगाहातु के कोचाबाद जंगल में एवं जून 2021 में रेंगड़ाहातु के सिमी लोहार गौरुवांग जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दस्ते के साथ थे।

# हॉस्टल में छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी थाना अंतर्गत भारत सेवाश्रम संघ स्कूल के हॉस्टल में कक्षा 6 के छात्र 13 वर्षीय दुबलिया कोड़ा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही हॉस्टल परिसर में सनसनी फैल गयी। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां जांच के दौरान डॉक्टरो के टीम ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस व दुबलिया के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन जमशेदपुर के लिए रवाना हो गये। मौके पर जयदेव महाराज ने बताया दुबलिया के परिजन पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा प्रखंड के आराहासा गांव का रहने वाले है। पिता लाल सिंह कोड़ा खेती बाड़ी कर जीवन यापन करते है।

## ओड़िशा की खबरें

# संबलपुर में पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा दो दिवसीय (25 और 26 फरवरी) अधिकारी क्लब, रेल नगर, संबलपुर में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। शनिवार को अधिकारी क्लब, रेल नगर, संबलपुर में पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनीत सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने किया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह और अपर मंडल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि फूल प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है। फूल प्यार, स्नेह और उत्सव के प्रतीक हैं। संबलपुर, बरगढ़, बलांगीर, कांटाबांजी, रेढाखोल, टिटिलागढ़, महासमुंद, मुनिगुडा की रेलवे इकाइयों और अन्य संगठनों ने भी पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया है। फूलों की 50 से अधिक श्रेणियां और हजारों रंगीन फूलों के गमले दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। फ्लावर शो आम जनता के लिए रात 10 बजे तक खुला रहेगा। शाम 7 बजे से 8 बजे के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। फ्लावर शो में फूड स्टॉल भी उपलब्ध हैं।

# जाजपुर में भीषण सड़क हादसा, सात लोगों की मौत

**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जाजपुर जिले के नेउलपुर के पास भीषण सड़क हादसा। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन जारी रखी। हाइवे नंबर 16 पर चंडीखोल और नेउलपुर के बीच सेंट्रल बैंक के पास एक गाड़ी खड़ी थी। शनिवार की सुबह कलकत्ता के और से आ रहे एक आईचर ट्रक ने खड़े हुए वाहन को टक्कर मार दी। नतीजतन, आइचर के वाहन में सवार 7 लोगों में से छह की मौके पर ही मौत हो गयी। बाद में एक और व्यक्ति की मौत हो गयी। इस हादसे में सात लोगों के मारे जाने का अनुमान है.हालांकि दूसरी ट्रक पूरी तरह खाली होने के कारण ट्रक चालक को कुछ नहीं हुआ। हादसे की सूचना पाकर चंडीखोल फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायलों को रेस्क्यू कर बडचना गोष्ठी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें कटक बड़ा मेडिकल को स्थानांतरित कर दिया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय कटक का अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, कटक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय भाषा साहित्यकार सम्मान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार 2023 (साहित्य के क्षेत्र में, उड़िया भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने हेतु) से सम्मानित, प्रख्यात, वरिष्ठ उड़िया विद्वान एवं साहित्यकार, पंडित डॉ अंतयार्मी मिश्रा को, रणजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख,कटक क्षेत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पंडित डॉ अंतयार्मी मिश्रा का स्वागत पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया। कटक क्षेत्रीय प्रमुख रणजीत कुमार द्वारा मार्गदर्शी वक्तव्य दिया गया। इस अवसर पर उड़िया-एक शास्त्रीय भाषा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अंतयार्मी मिश्रा द्वारा मातृभाषाओं के विभिन्न पक्षों पर व्यापक एवं सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, कटक की ओर से रणजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, कटक क्षेत्र एवं समस्त उपस्थित कार्यपालकों द्वारा मुख्य अतिथि पंडित डॉ अंतयार्मी मिश्रा को शॉल, श्रीफल तथा स्मृतिचिह्न द्वारा सम्मानित किया गया। कटक मुख्य शाखा के शाखा प्रमुख प्रभात दास द्वारा भी, ग्राहक सेवा में मातृभाषा का महत्व पर बल देते हुए अपने विचार व्यक्त किये गये। उपक्षेत्रीय प्रमुख निर्बिकार रथ द्वारा, मुख्य अतिथि एवं उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एनएच 75 पर लूटपाट मामले में लूटे गये सामान के साथ चार अपराधी गिरफ्तार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय से सटे अकलवानी गांव के पास चार दिन पूर्व मोटरसाइकिल सवार के साथ लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी की रात्रि करीब 9 बजे एनएच 75 पर अकलवानी गांव के समीप डंडा थाना क्षेत्र कोरटा गांव निवासी सुरेंद्र मेहता मोटरसाइकिल से गढ़वा की ओर जा रहा था। इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर लूटपाट कर ली थी। सुरेंद्र के पास से बदमाशों ने दो स्मार्टफोन एवं 500 रुपए नगद की लूट की थी। सुरेंद्र मेहता के फर्द बयान पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उक्त मामले का उद्भेदन के लिए एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में अपराधियों को पकड़ने के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया गया तथा चार दिनों के अंदर लूटपाट में शामिल सभी चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए अपराधियों से लूटे गए दो स्मार्टफोन एवं घटना में प्रयुक्त 4 मोबाइल एक मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में गढ़वा थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी बबलू कुमार पिता सोनेलाल बिंद एवं शत्रुघन कुमार पिता रविंद्र राम, मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी गोपीचंद पिता रामाशंकर राम तथा रांची जिला के डकरा गांव निवासी सूरज भुईयां उर्फ सोनू पिता बीरबल भुइयां जो वर्तमान में गढ़वा थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में ही रहता है, शामिल हैं। छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार कुशवाहा, सुरजीत चौधरी, आरक्षी नीरज कुमार पांडे, राजू कुमार दुबे, अरविंद कुमार यादव, अरविंद कुमार दुबे, नीतीश सिंह शामिल थे।

### विद्युत विभाग का अधिकारी बनकर ठगी करने के आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत विभाग का अधिकारी बनकर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। शनिवार को भंडरिया थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव में रंका थाना क्षेत्र के गउरगाड़ा गांव निवासी नन्दन सिंह के पुत्र लव कुमार सिंह अपने को विद्युत विभाग का अधिकारी बताकर विद्युत उपभोक्ताओं के यहां पहुंच अवैध बिजली जलाने, मीटर नहीं रहने का डर दिखाकर उपभोक्ताओं से पैसा की मांग कर रहा था। नहीं देने पर एफआईआर दर्ज करने की बात कहा करता था। लोगों को इस पर शक होने पर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर लव कुमार सिंह को पकड़ कर कनीय विद्युत अभियंता दीपक कुमार को सूचना दी गयी। सूचना पर कनीय अभियंता सरईडीह गांव पहुंचे व अपने विभाग का कर्मी नहीं होने की बात कहकर अभियुक्त को थाना को सुपुर्द करते हुए भंडरिया थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी। इस संबंध में भंडरिया थाना पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक राणा ने बताया कि कनीय अभियंता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है एफ आई आर दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

### गायत्री परिवार ने 5 मार्च को महायज्ञ को लेकर किया कलश का वितरण



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव गायत्री शक्तिपीठ के यज्ञशाला से कलशों का वितरण शुरू हो गया है। गायत्री शक्तिपीठ के लिए भूमिदान दाता मुखलाल विश्वकर्मा एवं जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी द्वारा कलश वितरण की शुरुआत की गई। विदित हो कि नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मां गायत्री, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती एवं वैष्णो माता की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक से पांच मार्च तक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया है। इसके लिए एक मार्च को शक्तिपीठ से 1100 कलशों के साथ नगर भ्रमण करते हुए कोयल नदी तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गढ़वा जिले के सभी प्रखंड के गायत्री परिजन अपने प्रखंड के बैनर, झंडो एवं सलोगन के साथ शामिल रहेंगे। इस संबंध में प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि महायज्ञ की सफलता के लिए,महिला मंडल, युवा मंडल एवं जय भवानी संघ, मझिआंव बाजार, चन्द्री,सहित अन्य कई गांव के श्रद्धालु दिन रात अपना समय दान कर रहे हैं।

**विरोध :** मारपीट एवं दुर्व्यवहार के विरोध में दूसरे दिन भी चिकित्सकों ने किया ओपीडी बंद, कहा

# दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मरीजों को सदर अस्पताल आकर वापस बिना इलाज कराये जाना पड़ा घर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल सिविल सर्जन कार्यालय में हुए गुरुवार के दिन कथित तौर पर जेएमएम नेताओं द्वारा किए गए बदसलूकी एवं मारपीट के घटना को लेकर आज दूसरे दिन भी सदर अस्पताल के स्वास्थ सुविधा पूरी तरह से ठप रही। सभी चिकित्सक ओपीडी बंद कर धरना पर बैठे रहे। सभी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी के द्वारा किये गये एफआईआर पर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम लोगों की हड़ताल अनिश्चितकालीन चलती रहेगी और हम सभी आगे भी आंदोलन करते रहेंगे। अब यह लड़ाई हम सभी चिकित्सकों के मान सम्मान की लड़ाई है। हम किसी भी कीमत पर इस धरना पर से नहीं हटेंगे। जब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हमें यदि कार्य से हटा दिया जाए तो भी हम धरना पर बैठे रहेंगे और अपने मान-सम्मान के लिए अंतिम तक लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर एनके रजक, अशोक कुमार, अनिल साह, निशांत सिंह, अरुण कुमार, राकेश रंजन, मनीष कुमार, नीतू सिंह, स्नेह लता सहित सभी चिकित्सक धरना में उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में घटित घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विरोध मार्च निकाला। जो जिला कार्यालय से चलकर रंका मोड़ शहर में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, जिला महामंत्री संतोष दुबे ,जवाहर पासवान, रितेश चौबे, विकास तिवारी ,रिंकू तिवारी, उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, सुना राम चंद्रा, उदय मेहता, राजेश यादव, बलराम यादव, लक्ष्मण राम, ओम प्रकाश गुप्ता, संजीत तिवारी, अनिल केसरी, राजेश्वर ठाकुर ,ठाकुर प्रसाद महतो, बजरंग प्रसाद ,विनायक जायसवाल, नवीन जयसवाल ,परी पांडे, मंगल मूर्ति तिवारी, अरुण तिवारी, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नये रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने किया योगदान



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका मंडल के 41वें रंका थाना प्रभारी के रूप में शंकर प्रसाद कुशवाहा ने शनिवार को योगदान किया। इसके पूर्व वे सीसीआर गढ़वा में पदस्थापित थे। सीसीआर में पदस्थापित होने से पूर्व वे नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुल्ही भंडारिया में ओपी प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। योगदान के फलस्वरूप थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सरकार के हर निर्देश को जनता तक ले जाएंगे। किसी को कोई परेशान ना करें , विधि व्यवस्था ठीक ठाक चले आदि कल्पना को लेकर गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक ने रंका में भेजा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि सीधे तौर पर उनसे आकर अपनी समस्याओं को रखें। उनकी समस्याओं का निष्पादन अविलंब किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक........................खूँटी, दिनांक..................

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 245 दिनांक 13.02.2023 जिसका PR No. 290250 द्वारा प्रकाशित वर्ष 2023–24 के लिए खूँटी बस पढ़ाव, डेली मार्केट खूँटी, पार्किंग एवं सप्ताहिक हाट का बन्दोवस्ती दिनांक 25.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से थाना परिसर, खूँटी में निर्धारित किया गया था। इसे अपरिहार्य कारणों से दिनांक 10.03.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा।

अतः इच्छुक डाक वक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 09.03.2023 समय 5.00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। शेष शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 291254 (Urban Development)22-23*D


## सदर अस्पताल में जिस तरह का माहौल बनाया गया उससे स्वास्थ्य कर्मियों में भय व्याप्त है : संतोष दुबे

**जहां स्वास्थ्य विभाग के सारे कर्मचारी न्याय की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं, वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीपापोती करने के लिए लगातार दबाव बनाये हुए है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो नेताओं और चिकित्सकों के बीच हुए विवाद का मामले में भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा है कि विगत दिनों सदर अस्पताल में जिस तरह खुलेआम गुंडागर्दी कर भय का माहौल बनाया गया। इससे जिले के स्वास्थ्य कर्मियों में भय व्याप्त है। कहीं ना कहीं सत्ता का नशा इस कदर चढ़कर बोल रहा है कि घटना के लगभग 16 घंटे बाद गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है। इससे प्रतीत होता है कि जेएमएम के लोग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के इशारे पर गढ़वा में भ्रष्टाचार गुंडागर्दी चरम पर पहुंच चुका है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अब कहा जा सकता है कि लोकतंत्र नहीं बल्कि हिटलर शाही गढ़वा में चल रहा है। जिस तरह हाई प्रोफाइल इस घटना को लेकर जिला प्रशासन को सजग होना चाहिए, कहीं ना कहीं उन पर मंत्री का दबाव झलक रहा है। जहां स्वास्थ्य विभाग के सारे कर्मचारी न्याय की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं। वहीं दूसरी तरफ देखा जा रहा है कि जिला प्रशासन लीपापोती करने के लिए लगातार दबाव बनाए हुए है। भाजपा सड़क से लेकर सदन तक इस घटना को लेकर पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी। जब तक स्वास्थ्य विभाग को न्याय नहीं मिलेगा भाजपा चैन से बैठने वाली नहीं है। प्राथमिकी में जिस तरह घटना का पूरा विवरण दिया गया है उसका निष्पक्ष अगर जांच नहीं हुई तो जिला प्रशासन के विरोध में भाजपा उग्र आंदोलन करेगी। भाजपा जिला प्रशासन से मांग करती है कि इस घटना का निष्पक्ष जांच करे और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करे। हमने घटना का सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। फुटेज अगर नहीं उपलब्ध कराया जाता है तो प्रशासन इसका जिम्मेवार होगा।

स्वास्थ्य विभाग को दोनों हाथ से लूटने वाले स्वास्थ्य प्रतिनिधि इस घटना के केंद्र बिंदु में इनकी संलिप्तता है और जिस तरह 20 सूत्री के उपाध्यक्ष के द्वारा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को कॉलर पकड़ के मारपीट की गयी है जिसका उल्लेख प्राथमिकी में भी किया गया है। नामदर्ज प्राथमिकी के आधार पर तत्काल अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो भाजपा पुरजोर उग्र आंदोलन करेगी। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी उपस्थित थे।

### भवनाथपुर के नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में रामेश्वर उपाध्याय ने शनिवार को अपना योगदान दिया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने बताया कि पूर्व से लंबित आपराधिक मामलों को त्वरित गति से निष्पादन किया जायेगा। कहा कि थाना क्षेत्र के आम अवाम के साथ मिलकर सभी कार्य किये जायेंगे। कानून व्यवस्था को ठीकठाक करते हुए क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखा जायेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-46/2022-23 PR No. 290560 (Lohardaga)22-23(D) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.02.2023 | 25.02.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 27.02.2023 अपराहन 5:00 बजे तक | 02.03.2023 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 28.02.2023 अपराहन 02:30 बजे तक | 03.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 04.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 291234 (Lohardaga) 22-23 (D)



**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301**
Email Id&dsehazaribagh4@gmail.com

आवश्यक सूचना

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचनाः–

विभागीय संकल्प संख्या–2093, दिनांक–06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना संख्या–1556, दिनांक–08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विभाग द्वारा निर्मित Teacher Transfer Portal के वेबसाईट teachertransfer.jharkhand.gov.in में विद्यालयवार विवरण प्रकाशित किया गया है तथा संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की गयी है। सभी संबंधित शिक्षक उपरोक्त वेबसाईट से डाटा को डाउनलोड करके अपने विवरण का मिलान करते हुए किसी प्रकार के त्रुटि रहने की स्थिति में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित दिनांक–11.03.2023 तक विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये Email ID–teachertransferhazaribagh@gmail.com में भेज सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सभी संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाशित सूची में से अपने विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो दिये गये ईमेल के माध्यम से ऑनलाईन निर्धारित अवधि के अंदर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।
त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन ईमेल के माध्यम से दिया जा सकता है।

| क्र. | आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखंड | प्रकाशित सूची में क्रम संख्या | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण, साक्ष्य सहित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर — प्रभारी प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 291245 (School Education and Literacy) 22-23 (D)


**प्रेस कांफ्रेंस :** चिकित्सकों और जेएमएम नेताओं के बीच दो दिनों से चल रहे विवाद को लेकर सदर थाने में दोनों पक्षों ने कराया मामला दर्ज

# अपनी कमी छुपाने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं डॉक्टर : नितेश सिंह

**कहा, जब हमारे पास पासवर्ड नहीं तो हमने कैसे किया सीसीटीवी फुटेज नष्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में चिकित्सकों और जेएमएम नेताओं के बीच दो दिनों से चल रहे विवाद को लेकर सदर थाने में दोनों पक्ष के लोगों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। एक ओर जहां डॉक्टरों द्वारा जेएमएम नेताओं के विरुद्ध मारपीट करने गला काटने की धमकी देने का उल्लेख प्राथमिकी में दर्ज है। वहीं दूसरी और जिला परिषद अध्यक्ष जेएमएम नेत्री शांति देवी द्वारा सिविल सर्जन अनिल सिंह, उपाधीक्षक अवधेश सिंह एवं डीपीएम प्रवीण सिंह के विरुद्ध हरिजन एक्ट का मामला दर्ज कराया गया। आज इसी मामले को लेकर जेएमएम नेताओं द्वारा चिनिया रोड स्थित पद्मावती होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जहां नेताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि डॉक्टरों द्वारा अपनी कमी को छुपाने के लिए उन लोगों के विरुद्ध ऐसे मनगढ़ंत आरोप लगाये जा रहे हैं।

मौके पर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि यहां तो चोर मचाए शोर वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। मुख्य कारण यह है कि जिप अध्यक्ष जब सीएस, डीएस और डीपीएम से योजनाओं की जानकारी लेने पहुंची तो उपाधीक्षक पूछने पर भड़क गए एवं जाति सूचक शब्द कहते हुए जिला परिषद अध्यक्ष को अपमानित करने का काम किया। जिसके बाद हम सभी वहां पहुंचे और उनसे ऐसा बर्ताव करने को लेकर रोका, तब सब कुछ ठीक-ठाक हो गया। लेकिन कल के धरना प्रदर्शन से यह लगा कि तीनों की मिलीभगत से यह मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जो सरासर निराधार है। इन लोगों ने अपने काले कारनामे को छुपाने के लिए रातों रात प्लानिंग कर चिकित्सकों के संघ को भड़काया और धरना प्रदर्शन पर बैठने का कार्य किया है। जिससे जेएमएम के ऊपर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हम लोग जिस मामले को लेकर वहां गए थे। उसे सामने लायेंगे और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

वहीं जेएमएम जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि जेएमएम नेताओं के द्वारा किसी के साथ मारपीट अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। सिर्फ योजनाओं की जानकारी पूछे जाने व डंडा में भारी मात्रा में दवा फेंके जाने की जानकारी पूछे जाने पर उपाधीक्षक भड़क गए और उन लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किये हैं। सीएस उल्टा आरोप लगा रहे हैं कि हम ही लोगों ने बदसलूकी की है। सिविल सर्जन का चरित्र पूरा स्वास्थ विभाग जानता है। वह जैसे ही यहां पदभार ग्रहण किये थे पूरा चिकित्सक उनके विरोध में आ गये थे और लिखित आवेदन गढ़वा उपायुक्त को सौंपा था।

स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू ने कहा कि उनके द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि हम लोगों ने घटना के बाद सीसीटीवी के फुटेज को नष्ट किया है तो सरासर निराधार है। जब किसी के पर्सनल मोबाइल का लॉक दूसरा कोई नहीं खोल सकता तो हम लोगों भला कैसे सरकारी विभाग के सीसीटीवी के फुटेज को नष्ट कर सकते हैं। साथ ही जिस तरह का हंगामा वहां कराया गया था यदि वहां सीसीटीवी फुटेज रहता तो मामला साफ हो जाता।

मौके पर जिला सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, आशुतोष पांडे, राजा सिंह ,मयंक कुमार, राहुल सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा**
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 47/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अवधि : दिनांक 27.02.2023 से दिनांक 28.02.2023 तक (कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को 2:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को 3:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा डालने एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम हिसरी नवाटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,50,200.00 | 7100.00 | 750.00 | 2 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम चरहु में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,37,300.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 3 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम बरवाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 2,97,000.00 | 6000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 4 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम नारी हरिजन टोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 2,99,900.00 | 6000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 5 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम ठकुराईन डेरा में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,73,600.00 | 7500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 6 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम झटनीटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,53,000.00 | 7100.00 | 750.00 | 2 माह |
| 7 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम किस्को 1 में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,61,600.00 | 7300.00 | 750.00 | 2 माह |
| 8 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम चंदवा में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,28,500.00 | 6600.00 | 750.00 | 2 माह |
| 9 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम बाजारडांडु में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,38,700.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 10 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम झालजमीरा डीपाटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,31,500.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 11 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम नई मस्जिद मुहल्ला में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,17,500.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 12 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम हतवल में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,20,500.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 13 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम बांडी में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,20,200.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 14 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम दुन्दरू में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,13,900.00 | 6300.00 | 750.00 | 2 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 291233 Lohardaga (22-23)_D

# सिसई अंजुमन का चुनाव 15 को, बैलेट पेपर से होगा मतदान


मो. परवेज अंसारी


मो. हसनैन खान


उमर फारुक

**चुनाव कमेटी में परवेज अंसारी सदर, हसनैन खान नायब सदर एवं मो. उमर फारूक अंसारी मीडिया प्रभारी बनाये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई में भी अंजुमन चुनाव का बिगुल बज गया है। इस बार सिसई में भी अंजुमन का चुनाव बैलेट पेपर से होगा। इस संबंध में चुनाव कमेटी के मीडिया प्रभारी मो. उमर फारूक अंसारी ने बताया कि अभी तक अंजुमन के पदाधिकारियों का चुनाव हाथ उठा कर समर्थन देते हुए कर लिया जाता था। सिसई में पहली बार गुप्त मतदान के द्वारा अंजुमन का चुनाव कराया जा रहा है। जिसके लिए चुनाव कनेटी का गठन किया गया है। चुनाव कमेटी गठित करने के लिए 24 फरवरी की देर शाम बाद नमाजे ईशा कम्युनिटी हॉल मेन रोड सिसई में बैठक आयोजित की गई। जिसमें तय किया गया कि सिसई अंजुमन फलाहूल मुस्लिमीन का चुनाव 15 मार्च को संपन्न होगा। मतदान सुबह 07 से 03 बजे शाम तक होगा। नामांकन पत्र की बिक्री पहली मार्च से दो मार्च तक और नॉमिनेशन 03 मार्च से 05 तक किया जायेगा। साथ ही 07 मार्च को नाम वापसी व 10 मार्च को स्कूटनी होगी। इन प्रक्रियाओं के उपरांत 15 मार्च को वोटिंग करायी जाएगी और इसी दिन 5 बजे से मतों गिनती भी शुरू होगी।

चुनाव कराने के लिए गठित चुनाव कमेटी में चुनाव सदर परवेज अंसारी, नायब सदर हसनैन खान व सदस्यों में मो. उमर फारूक अंसारी, एजाज अंसारी, मो. रब्बानी अंसारी, मो. सालिक, मो. इकबाल, मो. जावेद, आरिफ अंसारी, तौफीक अंसारी, तोसीफ अंसारी इत्यादि को शामिल किया गया।

## जमीयतुल इदरीसिया पंचायत के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की हुई पगड़ीपोशी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जमीयतुल इदरीसिया पंचायत गुमला का आम चुनाव 14 फरवरी को होने के उपरांत शुक्रवार की देर शाम चयनित पदाधिकारियों की पगडीपोशी की गयी। इदरीसिया पंचायत के संरक्षक मो. मंसूर की अध्यक्षता में पगड़ीपोशी व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें नयी कमेटी के पदाधिकारियों के रूप में अध्यक्ष मो. कैसर खलिफा, उपाध्यक्ष मो. रिजवान एवं मो. मिन्हाज, सचिव अधिवक्ता शोएब आलम, संयुक्त सचिव मो. रिजवान असदकी, कोषाध्यक्ष मो. एहसान एवं लीगल एडवाईजर अधिवक्ता मो. नैयर आलम तथा पंचायत के संरक्षकगण मो. मंसूर, मो. सबीर, मो. मकसूद, मो. नसीम, मो. सफीरउद्दीन, अब्दुल रज्जाक खलीफा की पगड़ीपोशी की गयी। ज्ञात हो कि इससे पूर्व इदरीसिया पंचायत का चुनाव वर्ष 2019 में हुआ था। पगड़ीपोशी व शपथ समारोह में मुख्य रूप से मो. अख्तर, मो. इरशाद, मो. खुर्शीद आलम, मो. इम्तियाज मो. मुर्तजा, मो. फैयाज, मो. इरफान, मो. अफजल, मो. समीउल्लाह, मो. जाहिद, मो. मुस्तफीज मो. मेराज, मो. मकसूद, मो.आजाद, मो शफीक, जमील अख्तर, मो. रिजवान, मो. इरफान (मुन्ना), मो. मुस्तकीम, मो. सरफराज, जब्बार खलिफा, मो. जियाउल, मो. सनाउल्लाह, मो सुहैल आलम, गुलाम मुस्तफा, मो. शाकीर, मो. इजहार, सहबान खलीफा, अब्दुल रहमान, मो. शोएब रहमानी, मो. नौशाद खलीफा, मो. मुमताज, मो. रागिब, मो. हसनैन, मो. अफजल, असलम अत्तारी, और सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत कोनबीर नवाटोली चर्चगेट के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त सूचना के अनुसार घायल युवक कलिगा पंचायत अंतर्गत सरुडा गांव का शिवा साहू (22) पिता सोहन साहू और उसके फूफा करमदयाल साहू गुमला निवासी अपने पल्सर बाइक से कोनबीर से अपने गांव सरुड़ा जा रहे थे तभी तेज रफ्तार से विपरीत दिशा से आता हुआ ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

**बैठक : प्रारंभिक शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में उपायुक्त ने दिये निर्देश**

# 5 अप्रैल को एडमिट कार्ड जारी कर 9 अप्रैल को परीक्षा का करें आयोजन

**प्रारंभिक जिला शिक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए उप समिति का किया गठन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में प्रारंभिक जिला शिक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रारंभिक शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में विशेष चर्चा की गई। उपायुक्त ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रकाशित सूचना के आधार पर प्राप्त सभी प्रस्तावना पर निर्णय लेने हेतु उप समिति का गठन किया। समिति में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्थापना उप समाहर्ता, प्रशिक्षु आईएएस सदस्य होंगे। जिनके द्वारा सभी प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए अगले दो दिनों के अंतर्गत अंतिम निर्णय लिये जाएंगे।

वहीं केजीवीपी में शिक्षकों की बहाल हेतु प्रकाशित सूचना से प्राप्त आवेदन पत्रों की एंट्री की जा चुकी है। जिसपर उपायुक्त ने सभी आवेदनों की जांच करते हुए दो दिनों में अंतिम प्रकाशन करते हुए दावा आपत्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया। आदर्श विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की एंट्री के कार्य को 5 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही एंट्री के पश्चात सभी आवेदनों की समिति के माध्यम से जांच करने के पश्चात 15 मार्च तक जांच रिपोर्ट तैयार कर लेना है। जिसका प्रकाशन 22 मार्च तक करते हुए 5 अप्रैल को एडमिट कार्ड जारी करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने 9 अप्रैल को परीक्षा का आयोजन करने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्थापना उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल संसाधन दुरूस्त करने की कवायद शुरू

**नगर परिषद ने किया कर्मियों के कार्यों का बंटवारा, नोडल पदाधिकारी तय**

**जलापूर्ति को लेकर हेल्पलाइन नंबर 8507671338 जारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति दुरूस्त रखने के लिए गर्मी आने से पहले ही नगर परिषद की ओर से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने सभी अभियंताओं एवं अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर जरूरी संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अगले एक सप्ताह के अंदर जितने भी क्षतिग्रस्त वाटर टैंकर हैं उनकी मरम्मतीकरण एवं रंगाई पुताई कराकर दुरूस्त करवा लें। शहर के जिन प्याऊ/पनशाला में पानी नहीं आ रहा है, उनको संचालनात्मक स्थिति में लाने के लिए अभियंताओं के बीच जवाबदेही दी गयी। शहर में बिना अनुमति किये जा रहे डीप बोर के मामलों में शतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। गर्मियों में जलापूर्ति संबंधी किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आये इसको लेकर पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित करते हुए नियमित अंतराल पर वस्तुस्थिति का आकलन करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी ने शहर के लोगों की सुविधा के लिए पेयजल हेल्पलाइन 85076 71338 को जारी किया है। उक्त हेल्पलाइन का प्रभारी कनीय अभियंता (मैकेनिकल) मनीष कुमार को बनाया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सभी टीम वर्क करते हुये पूरे शहर में पेयजल की स्थिति को बेहतर बनाने तथा पूरी गर्मियों में किसी प्रकार का जल संकट न होने देने के लिए अभी से बेहतर काम करें। कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर लगे प्याऊ दुरूस्त जरूर करवायें, उक्त कार्य न केवल हमारी विभागीय जिम्मेदारी है बल्कि पुण्य का भी कार्य है। बैठक में दोनों नगर प्रबंधक, सभी कनीय अभियंता तथा सहायक मौजूद थे।

# लूथेरान हाई स्कूल में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दी गयी दुर्घटना के कारणों एवं बचाव की जानकारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निर्देशानुसार लूथेरान हाई स्कूल, गुमला में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा की टीम द्वारा आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक की गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है। इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलायें एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ायें। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी एवं शिक्षक शामिल थे।

**कार्यक्रम : पालकोट महिला विकास मंडल के 18वें महाधिवेशन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा**

# महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जला रही हैं जनजागृति का दीप

**केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम उद्घाटन**






आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** प्रखंड अंतर्गत काली मंदिर प्रांगण मैदान में शनिवार को पालकोट महिला विकास मंडल के 18वें महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि खूंटी लोकसभा सांसद सह जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व विशिष्ट अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर फेडरेशन की अध्यक्ष सुसेना लकड़ा ने महिला विकास मण्डल के कार्यक्रम और आगामी वर्ष की कार्य रूपरेखा प्रगति पत्र के माध्यम से पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि पालकोट के 73 राजस्व गांव में 944 महिला मंडल कार्य शील है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संदेश में राज्य सरकार की महिलाओं को सशक्त बनाने वाली उन सभी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने संदेश में कहा कि महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जनजागृति का दीप जला रही हैं। हमारी सरकार ने अभी कुछ दिन पूर्व 2000 आदिवासी महिलाओं को टाटा इलेक्ट्रॉनिक में रोजगार दिलाया है। आगामी दिनों में सिमडेगा में रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें दस हजार लोगों को रोजगार देंगे। श्री मुंडा ने जेएसएलपीएस द्वारा लगाए सभी स्टालों का निरीक्षण किया और कहा कि सभी लोगों को मिलकर मडुवा की खेती को बढ़ावा देना है ताकि समाज समृद्ध और रोग मुक्त हो सके।

कार्यक्रम के बाद सांसद विधायक ने कई योजनाओं का भी संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। जिनमें आरसीसी कलवर्ट पनीसानी, पुस्तकालय, स्वास्थ्य उप केंद्र बागेसेरा, पीसीसी पथ निर्माण केउंदटोली में चार दिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकरी संजय पीएम कुजूर, बीडीओ डॉ मनीष कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी कविता बाला टूटी, सांसद प्रतिनिधि राम अवध साहू, सूरज देव सिंह, प्रमुख सोनी लकड़ा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल केसरी, जिला परिषद सदस्य सुकांति देवी, शांति देवी कोंग्रेस जिला अध्यक्ष रोशन बरवा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता (गुड्डू), बसन्त गुप्ता, शिव प्रसाद साहू, गौतम हिंदुस्तान, बागेसेरा मुखिया जीवाहन बड़ाईक, फेडरेशन के कृति, दा प्रमोद कुमार, हेमंत कुमार, अजित कुमार, सुशील कुमार, सरिता केरकेट्टा, रेवन्त दा के अलावे हजारों महिला दीदी उपस्थित थे।

## विजन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मोतियाबिंद के मरीजों के लिए थाना रोड स्थित विजन आई हॉस्पिटल में प्रत्येक रविवार निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर लगाया जाता है। इस अवसर पर रांची के नेत्र सर्जन डॉक्टर ए आर मुस्तफी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। शिविर में डॉक्टर ए आर मुस्तफी के द्वारा ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। बताया गया कि सुबह दस बजे से ऑपरेशन कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए मरीजों को अपने साथ वोटर आईडी व अन्य पहचान पत्र लाना जरूरी है। जिसमें दवा और चश्मा बिलकुल मुफ्त में दिया जाएगा। निःशुल्क मोतियाबिंद के अलावा शिविर में आंख से संबंधित सभी बीमारियों का भी इलाज किया जाएगा। चश्मा के लिए भी जांच उपलब्ध होगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## अर्जुन मुंडा ने कोनबीर में स्वंतत्रता सेनानी स्व. खुदी साहू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा सांसद अर्जुन मुंडा शनिवार को पालकोट जाने के क्रम में कोनबीर के भागीडेरा चौक में रुक कर स्वंतत्रता सेनानी स्व. खुदी साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भाजपा प्रखंड कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प माला देकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सह भाजपा कार्यकर्ता जगरानी तिग्गा, वरीय भाजपा कार्यकर्ता जगदंबा साहू, अरुण मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हफीन्दर सिंह, शैलेश साहू, तिजु साहू, मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह, विनोद भगत, सुरेंद्र साहू, जगत मोहन देवघरिया, अनिता देवी, सोनू पांडेय, शिवनाथ साहू समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेसा कानून, जमीन और खतियान बचाओ दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** संत उर्सुला कॉन्वेंट स्कूल सभागार में अवाक सेंटर कोनबीर नवाटोली के द्वारा पेसा कानून, जमीन और खतियान बचाओ का दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिन की शुरुआत जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के स्वागत भाषण से हुआ। संस्था पीस से आये अरुण कुमार एवं जितेंद्र चाहर द्वारा पांचवीं अनुसूची के संबंध में उपस्थित लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। पीस संस्था दिल्ली से आये वक्ताओं ने पेशा कानून को बनाने और लागू करने की आवश्यकता, मुंडा मानकी शासन एवं न्याय व्यवस्था, स्वशासन संबंध, अग्रेजों के खिलाफ 1771 से लेकर अंतिम विद्रोह 1913 तक विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गयी। इस मौके पर फादर मतियस, अवेक संस्था संचालक सिस्टर पुष्पा कुल्लू, सिस्टर इमिलिया किस्पोट्टा, जगेश्वर लकड़ा, जेरोम खलखो, एलिस बाड़ा, अमर डांगवार, एंजेलुस डुंगडुंग समेत अनेक प्रबुद्धजन ग्रामीण उपस्थित थे।

## 28 टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य पदार्थों का वितरण कर निक्षय मित्रों को किया गया सम्मानित

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएम निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन में प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, एसीएमओ पीके सिन्हा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गणेश राम, जिला कार्यक्रम समन्वयक बिनय कुमार गुप्ता, युगल किशोर साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 28 टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इस प्रखंड में 32 टीबी मरीज हैं। मरीजों को बीडीओ, सीओ, जेएसएस, सीडीपीओ सहित प्रखंड सह अंचल के कर्मियों ने गोद लिया है। इन्हें अगले छह महीने तक पोषण सामग्री दी जायेगी। मौके पर सीओ संजीव कुमार ने कहा कि यक्ष्मा रोगियों को इलाज के साथ पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड के सरकारी कर्मी, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर निक्षय मित्र बनाया गया है। एसीएमओ पीके सिन्हा ने कहा कि टीबी रोग का मुफ्त में दवा व इलाज होता है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी अमरेश नारायण सिन्हा, बीईइओ शांतिमुनि तिर्की, बीटीएम शशि शमा खलखो, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन साही, नुजहत परवीन, बीपीएम रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, सीआई शाहिद अनवर, मुखिया सुशील उरांव सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एसडीपीओ ने सिसई थाना का निरीक्षण कर की लंबित कांडों की समीक्षा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने शनिवार को सिसई थाना का निरीक्षण किया। वार्षिक समीक्षा सह निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के सिरिस्ता रेकड़ की रखरखाव, लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग, थाना क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की निगरानी करने, समय पर कार्य पूरा करने का सहयोग करने, कांड में फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, थाना परिसर को साफ-स्वच्छ रखने और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने सहित कई दिशा-निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, एसआई राहुल झा, भवेश कुमार, मिनकेतन कुमार, मनोज सोरेन, अंजलि टोप्पो, अनवर अंसारी, कमलेश प्रसाद, कृष्णा चौधरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी ने बसिया थाना का वार्षिक अवलोकन कर पुलिस पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब द्वारा शनिवार को बसिया थाना का वार्षिक अवलोकन किया गया। इस दौरान गुमला एसपी द्वारा पूरे थाना परिसर का भ्रमण कर स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर गुमला एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब ने बताया कि बसिया थाना का वार्षिक अवलोकन किया गया। जिसमें थाना के सारे रिकॉर्ड, सभी पुलिस पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। सभी पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ भी किया गया। पुलिस कप्तान ने बताया कि बसिया थाना समेत आसपास के सभी थाना प्रभारियों, एसडीपीओ एवं इंस्पेक्टर को दिशा-निर्देश दिया गया कि कैसे अपराधियों एवं उग्रवादियों के विरुद्ध सुनियोजित ढंग से प्लान बनाकर और धरपकड़ कर उन्हें जेल भेजना है और जो जेल में हैं उनपर निगरानी रखनी है। पुलिस कप्तान से इंस्पेक्टर कार्यालय के काफी पुराने हो जाने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे नये भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज चुके हैं। झारखंड हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियरों के द्वारा आकर निरीक्षण कर लिया गया है। जल्द ही इंस्पेक्टर कार्यालय के नये भवन का निर्माण हो जाएगा। मौके पर एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बसिया थाना प्रभारी छोटू उरांव समेत आसपास के थानों के थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मेहनत करने से ही हकीकत में बदलेंगे सपने : प्राचार्य



**स्वच्छ भारत अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन, सभी प्रतिभाभी हुए पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लगातार मेहनत करने से सपने हकीकत में बदल सकते हैं। विद्यार्थियों को विद्या धर्म का पालन करते हुए रोज स्कूल आना, मेहनत से पढ़ाई करना और स्वच्छता पर विशेष ध्यान चाहिए, तभी बड़े होकर उनमें अच्छा व्यक्ति बनने की प्रेरणा विकसित होगी। उक्त बातें गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व प्रचार्य चंद्र बली चौबे ने कहीं। वह शनिवार को श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय, चैनपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्राचार्य ब्रजकिशोर तिवारी ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। जी-20 जैसी बैठकों की मेजबानी मिलने से भारत की प्रगति को दुनिया देख रही है। उन्होंने बच्चों से स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही। वहीं, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य दिनेश चंद्र ठाकुर द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की रक्षा करने व स्वछता पर ध्यान देने की बात कही गई।

इससे पहले क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को एक भारत श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया, जी-20 की बैठक, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव एवं केंद्र सरकार की अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## जागरूकता रैली निकाली

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय परिसर से अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों कुमारी रीता, श्वेता सुमन, अर्चना कुमारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गुरहा गांव, राधा कृष्ण, मंदिर ट्रस्ट, आदि स्थानों से होकर गुजरी। छात्र-छात्राओं ने नारों के जरिए लोगों को जागरूक किया।

वहीं, स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। दूसरी ओर, विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्रों की रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से निबंध, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता रौशन कुमार, सोनू कुमार चौधरी, साहिल अख्तर, भाषण प्रतियोगिता में खुशबू वर्मा, प्रिंस कुमार,पवन कुमार, क्विज प्रतियोगिता में रोजी खातून,ज्योति कुमारी, काजल कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।

### कहा-शिक्षा, श्रद्धा, भक्ति, धैर्य, अहिंसा और प्रतीक्षा की ताकतवर देवी है माता शबरी

# विकास और समानता के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है: मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** माता शबरी शिक्षा, श्रद्धा, भक्ति, अहिंसा और प्रतीक्षा की तकतवर देवी है। उक्त बातें पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कही। वे शनिवार को छतरपुर बारा में आयोजित शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माता शबरी के जीवन से बहुत कुछ सीखकर हम अपने जीवन को उन्नत बना सकते है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए श्रद्धा का ऐसा मजबूत हथियार का प्रयोग माता शबरी ने किया कि ऋषि मातंग को अपना सर्वस्व ज्ञान दान कर दिया। भक्ति, धैर्य और प्रतीक्षा ऐसी की भगवान श्री राम खुद उनके घर आये और जूठे बेर खाकर माता शबरी का आतिथ्य स्वीकार किया। अहिंसा और जीव कल्याण की ऐसी परकाष्ठा की जब माता शबरी को ये पता चला कि उनकी शादी में सैकड़ो पशुओं की बलि होगी तो माता शबरी शादी से ही इन्कार कर दिया पलायन कर गई। मनोज कुमार ने कहा कि हमारे विकास और समानता के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। शिक्षा और राजनीतिक समानता के लिए हम सभी मिलकर संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस शबरी जयंती के अवसर पर हमें शपथ लेने की जरूरत है कि हम अपने बच्चों को स्कूल भेजें उन्हें शिक्षित बनाए। वहीं, विधायक पुष्पा देवी ने माता शबरी को याद करते हुए कहा कि माता शबरी उस नारी शक्ति की प्रतीक है जिनके द्वार पर भगवान राम को खुद आना पड़ा था। माता शबरी इस बात की प्रतीक है कि अगर आपकी श्रद्धा सच्ची हो तो भगवान आपके द्वार खुद चलकर आएंगे। माता शबरी से हम सभी को यह सीखने की जरूरत है कि श्रद्धा, शिक्षा, धैर्य और प्रतीक्षा में बहुत ताकत होती है। इस अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।



शबरी जयंती पर गणमान्य लोगों का स्वागत करते लोग।

# प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का होता है मानसिक विकास : मनोज प्रजापति



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत अंतर्गत आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गणेशपुरी ब्लॉक रोड जपला में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पर्यावरण एवं सोलर सिस्टम का चित्र बनाकर पेंटिंग कर सजाया। प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने कहा कि पेंटिंग परीक्षा को समय-समय पर कराने से कई लाभ है। बच्चे अपने मन से चित्रण करते हैं, फिर उसे कागज पर उतारते हैं और रंग भरकर उसे रंगीन करते हैं। इससे उनके अंदर मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। वहीं, विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ ही बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश कुमार, अविनाश कुमार, शिखा कुमारी, हेमंत कुमार, प्रमिला देवी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# शिक्षक प्रतिनिधि ने कुल सचिव को पत्र देकर की चुनाव प्रक्रिया पर उचित निर्णय लेने की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। एके सिंह कालेज के शिक्षक प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद सिंह ने नीपी विश्वविद्यालय के कुल सचिव को आवेदन देकर चुनाव प्रक्रिया पर उचित निर्णय लेने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि बीते 19 नवंबर को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि व पर्यवेक्षक डॉ सतेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में खुद उन्हें शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया था। जिसका प्रमाण पत्र भी मुझे दिया गया था, लेकिन पुनः नीपी के पत्रांक 104/23 दिनांक 21 फरवरी द्वारा कालेज के प्राचार्य को शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव का निर्देश दिया गया है। जबकि मेरे चयन का तकरीबन तीन माह हो चुका है। जबकि शिक्षक प्रतिनिधि का चयन एक वर्ष के लिए होता है। इस लिहाज से मैं वर्तमान में शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में हूं। उन्होंने इस संबंध में मामले को लेकर उचित मार्गदर्शन व निर्णय लेने की मांग की है।

# महाराष्ट्र कमाने गये युवक का पेड़ से लटका मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के पीपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया पंचायत के रजोखर रोंघा (पोखरा पर) जटाधारी राम के 22 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का पेड़ से लटकता शव बरामद हुआ है। इसकी जानकारी उसके साथ रह रहे व्यक्तियों ने परिवार वाले को फोन कर दी है। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। वह बीते साल जुलाई माह में ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मजदूरी करने गया था। शनिवार को तकरीबन 11 बजे शौच जाने की बात कह कर निकला था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तब साथी मजदूरों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।इस दौरान आवास से करीब 200 मीटर की दूरी पर ही उसका शव पेड़ से लटकता हुआ मिला।शव मफलर के सहारे जमीन तक लटक रहा था।जिसे देख प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात द्वारा हत्या कर पेड़ से लटका दिया गया हो।पैरों में चप्पल और कान में ब्लूटूथ भी लगे हुए थे। इसकी जानकारी मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया। परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक मृतक अत्यंत ही गरीब और लाचार था, जो करीब सात माह पहले मजदूरी करने महाराष्ट्र गया था।




# ई. नंद किशोर भारती की लिखी पुस्तक कंप्रिहेंसिव मैथमेटिक्स का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने कक्षा 9 और 10 के लिए कंप्रिहेंसिव मैथमेटिक्स की किताब लिखी है। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लक्ष्मी प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल की दुबियाखाड़ शाखा में आयोजित एक सादे समारोह में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान, जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा, झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव, संजीव नयन, प्रधान संपादक कुंदन वर्मा, रेड रोज पब्लिक स्कूल शाहपुर के प्राचार्य सह पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कुमार, एईके एकेडमी सतबरवा के प्राचार्य आफताब आलम, ओरिएंट स्कूल के चेयरमैन रामाकांत मेहता, निदेशक सुधीर मेहता, जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, एसएलए पब्लिक स्कूल शाहपुर एवं संत लॉरेंस एकेडमी टेमराई के निदेशक मुकेश कुमार अग्रवाल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के निदेशक सिया चरण सिंह, गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक गुरबीर सिंह उर्फ गोलू, लोटस एकेडमी के निदेशक गिरीश कुमार, मदर्स कन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक आनंद कुमार, सेवानिवृत्त ग्रामीण बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संत पॉल कन्वेंट स्कूल रेहला के प्राचार्य साइमन मैथ्यू स्ले, इनोवेटिव स्कूल के निदेशक राकेश वर्मा, हाली क्रॉस स्कूल के प्राचार्य चंद्र भूषण सिन्हा एवं कैटमॉस स्कूल के प्राचार्य अभिषेक राज ने संयुक्त रूप से दोनों पुस्तकों का विमोचन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि पलामू के लिए गर्व की बात है कि यहां के एक लड़के ने एक अद्भुत कारनामा कर दिखाया है। सीबीएसई के सभी विद्यालयों में इस पुस्तक का अध्ययन कराया जाना चाहिए जिससे जेईई मेंस, एडवांस, पॉलिटेक्निक बोर्ड और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सहूलियत हो सके। वहीं, जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने कहा कि किसी पुस्तक की रचना करना आसान काम नहीं है, लेकिन अपने कठिन परिश्रम के बल पर ई. नन्द किशोर भारती ने इस कठिन कार्य को करके दिखाया है जो काबिले तारीफ है। कहा कि पलामू जिले के सभी विद्यालयों में इस पुस्तक को पढ़ाया जाना चाहिए जिससे छात्र - छात्राओं को गणित की आधारभूत जानकारी के साथ-साथ गहन जानकारी भी मिल सके। उन्होंने नंदकिशोर भारती को शुभकामनाएं दी एवं पुस्तक के विमोचन के लिए प्रसन्नता जाहिर की।



## पलामू के लाल ने किया कमाल: देव

झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि नंदकिशोर भारती द्वारा लिखी गई पुस्तक कंप्रिहेंसिव मैथमेटिक्स अपने आप में एक उपलब्धि है। हम पलामू वासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि पलामू के लाल ने वह कारनामा कर दिखाया है जिसके सपने बड़े-बड़े विद्वान भी देखते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के सभी विद्यालयों के प्रबंधक इस पुस्तक को अपने-अपने विद्यालय में चलाएंगे जिससे विद्यार्थियों को गणित विषय की अच्छी जानकारी मिल सकेगी और नंद किशोर भारती जैसे लेखकों को पुस्तक लिखने के लिए और भी उत्साहवर्धन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकल को बढ़ावा देना चाहिए ।
















### विधायक ने किया विद्यालय सुदृढ़ीकरण व कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास

# शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा लगातार विकास : कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को ग्राम पोलडीह प्लस टू, हुसैनाबाद महिला प्लस टू और हैदरनगर में प्लस टू विद्यालय के साथ ही भाई बिगहा और बलडीहरी के कब्रिस्तान की घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति की हिमायती है। सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। विधानसभा में मॉडल स्कूल एवं नवोदय भवन का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा इस कार्यकाल में 24 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। 24 के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने आम लोगों को जात पात की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति का समर्थन करने की अपील की। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। विधायक कमलेश सिंह सभी को एक समान सम्मान करते हैं। उन्होंने सभी से विकास की राजनीति को अपनाने की अपील की। कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता उनके अपने परिवार के समान है। इस क्षेत्र की जनता के उत्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। यह देखने और महसूस करने की चीज है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका गंगा अग्रवाल, गुड्डू सिंह, मुखिया शाहनाज प्रवीन, सज्जू खान, राजू खान, विजय राम, अनूप सिंह, जाफर हवारी, रतनलाल, राजकुमार ठाकुर, विजय राजवंशी, कालिया जी, बैरिस्टर सिंग, लालू यादव, दुर्गा शर्मा, कैलाश मिश्र, मन्नान खान, आफताब आलम आदि उपस्थित थे।



शिलान्यास करते विधायक कमलेश सिंह






## ऑन द स्पॉट 65 को मिला नियुक्ति पत्र, 520 अभ्यर्थी हुए शार्टलिस्टेड

# युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्पित: डीसी

### रोजगार मेले में 217 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** आइटीआइ चास परिसर में शनिवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री, चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित, नियोजन पदाधिकारी तेनुघाट संतोष कुमार और जिला कौशल पदाधिकारी प्रवीण कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। मेले का आयोजन श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह माडल कैरियर सेंटर की ओर से किया गया है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में पहुंचें अभ्यर्थियों को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। मेले में 31 कंपनियों ने हिस्सा लिया है, जो आहर्ता



रोजगार मेले का उद्घाटन करते डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री व अन्य।

अनुरूप जिले के सभी नौ प्रखंडों से पहुंचे अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया करा रही है। डीसी ने रोजागार के साथ रोजगार सृजन के लिए भी छात्रों को आगे आने की अपील की। कहा कि जिला प्रशासन आपके सपनों को उड़ान देने के लिए कृतसंकल्पित है। खुद रोजगार पाने के साथ ही दूसरों को भी रोजगार देने के लिए किसी परियोजना को लेकर आगे आएं। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमईजीपी) संचालित की जा रही है, जिसके तहत 25 लाख रुपये ऋण मुहैया कराया जाता है। प्रशासन नियमित इसका अनुमोदन करती है। डीसी ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिंट लिंकेज कराकर स्वनिर्भर बनाने, एसएचजी द्वारा पलाश ब्रांड के माध्यम से उत्पादों के निर्माण/विपणन, एवं बिक्री कर जिले की महिलाओं ने दो करोड़ 15 लाख रुपये का कारोबार किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिले में स्थापित/संचालित उद्योगों में 75 फीसदी स्थानीय युवक-युवतियों को नियुक्ति सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। जिले में ऐसे 800 नियोक्ताओं को जिला नियोजनालय द्वारा चिन्हित किया गया है। अभी तक 150 से ज्यादा नियोक्ताओं ने जिला नियोजनालय कार्यालय में अपना निबंधन कराया है ।शेष नियोक्ताओं को भी निबंधन शतप्रतिशत सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिया गया है।

### बोकारो शिक्षा एवं उद्योग का हब : डीडीसी

**डीडीसी ने कहा कि बोकारो शिक्षा एवं उद्योग का हब है। यह रोजगार मेला शिक्षा-उद्योग के बीच समन्वय स्थापित कर अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने रोजगार मेले में शामिल सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि निबंधित छात्र-छात्राओं का डाटा संग्रह करते हुए प्रशासन ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मुहैया कराने का कार्य करेगी। इससे पूर्व, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह माडल कैरियर सेंटर के अधिकारियों/कर्मियों ने संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित, नियोजन पदाधिकारी तेनुघाट संतोष कुमार, जिला कौशल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि और विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री रामचरितमानस में है मानवता की संपूर्ण व्याख्या : राम बिहारी शरण



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अतंर्गत करगली गेट में 65वां नवाहन श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के आठवें दिन शनिवार को परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करगली गेट, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, कारो, बेरमो सिम, अंबेडकर कॉलोनी, घुठियाटांड़, चलकारी बस्ती, चलकारी कॉलोनी आदि बेरमो के सभी स्थानों से भक्त पहुंच रहे हैं। यज्ञ का समापन सोमवार को होगा। वहीं, शुक्रवार की रात परिवचन के दौरान भक्तगण भक्ति संगीत में जमकर थिरके। प्रवचन देते हुए स्वामी रामबिहारी शरण ने रामचरितमानस के कई प्रसंगों की व्याख्या की। कहा कि श्री रामचरितमानस में मानवता की संपूर्ण व्याख्या है। भगवान श्री राम के पावन चरित्र को दर्शाकर गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जाति के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यदि संसार आज उसका अनुसरण करें तो निश्चित रूप से सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम आर्य सभ्यता और संस्कृति के दर्पण है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर पूरी मानवता का कल्याण किया जा सकता है। वहीं, मध्य प्रदेश से आए आनंद स्वरूप लोकेशानन्द शास्त्री ने भी प्रवचन में भगवान राम की प्रशंसा की। कहा कि सच्चे मन से 9 दिनों तक रामचरितमानस का पाठ करें तो सारे दुख दूर हो जाते हैं। श्री रामचरित्र मानस जीवन जीने की नए मार्ग दिखाते हैं। यज्ञ के स्वागतध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि यह मानस महायज्ञ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी राम बिहारी शरण कि अध्यक्षता में 65वां वर्ष महायज्ञ किया जा रहा है। बताया कि 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाएगा। 28 फरवरी को हवन के साथ यज्ञ का समापन होगा एवं अपराह्व 4 बजे भगवान श्री राम दरबार की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील सिंह, जयप्रकाश सिंह, नितेश सिंह, गजेंद्र प्रसाद सिंह, गौरी शंकर सिंह, निरंजन सिंह उर्फ रंजू, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, राजू सिंह, महावीर महतो, उत्तम साव, बिरेंद्र महतो, उमाशंकर महतो आदि का योगदान रहा।

### बोकारो व तेनुघाट सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित मासिक लोक अदालत में 59 मामलों का निष्पादन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमारी रंजना अस्थाना के निर्देश पर बोकारो और तेनुघाट सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वादों के निष्पादन के लिए बोकारो और तेनुघाट में दो-दो बेंचो का गठन किया गया। उक्त मासिक लोक अदालत में कुल 147 वादों को निष्पादन के लिए रखा गया जिसमें कुल 59 वादों का निष्पादन हुआ। जबकि कुल समझौता राशि 41 हजार रुपये की आय हुई। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीभा रंजना लकड़ा ने दी।

### होली और शब-ए-बारात त्योहार को लेकर कुमारधुबी ओपी में शांति समिति की बैठक



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** होली और शब-ए-बारात को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थानों और ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कुमारधुबी ओपी परिसर में भी शांति समिति की बैठक हुई। जहां नशेड़ीयो और हुड़दंगियों पर नकेल कसने की रणनीति बनाई गई है, ताकि होली और शब ए बारात के दौरान कोई व्यवधान ना आए। बैठक की अध्यक्षता एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार और संचालन माले नेता नागेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में चौक चौराहे पर गश्ती दल मुस्तैद रहने, डीजे बजाने और शराबियों एवं हुड़दंगईयो पर नकेल कसने को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पहुंचे धनबाद डीसी, किया डीएमएफटी फंड से बन रहे नव निर्मित भवन का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कस्तुरबा आवासीय विद्यालय के नव निर्मित भवन का निरीक्षण करते धनबाद डीसी।

**झरिया।** धनबाद के डीसी संदीप सिंह शनिवार को झरिया के भौंरा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे, जहां विद्यालय परिसर में डीएमएफटी फण्ड से बन रहे नव निर्मित भवन का निरीक्षण किया। डीसी ने संबंधित अभियंता को सामग्रियों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही तय समय में बेहतर गुणवत्ता के साथ काम पूरा कराने का निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों और संवेदक को दिया। वहीं धनबाद डीसी ने पूरे विद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया और उपस्थित शिक्षकों और छात्राओं से बात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि लगभग तीन महीने में भवन बनकर तैयार हो जाएगा। यहां पानी की जो भी समस्या है उसका भी निदान जल्द ही कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीसी के साथ झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा, धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार आदि भी उपस्थित थे।

## बांसजोड़ा में छापामारी, 20 टन अवैध कोयला जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** सिजुआ एरिया सीआइएसएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को बांसजोड़ा 12 नंबर रेलवे लाईन के समीप और गोप्पा ग्राउंड में छापामारी कर कोयला तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए करीब 20 टन कोयला जब्त किया। छापामारी का नेतृत्व सीआइएसएफ के कंपनी कमांडर संजय प्रसाद कर रहे थे। तस्करों ने यहां बड़े पैमाने पर अवैध कोयले एकत्र कर रखा था। तस्करों द्वारा शुक्रवार की रात दो पिकअप वैन से कोयला टपाने की सूचना थी। जिसके बाद जवानों ने छापामारी की। उधर, सीआइएसएफ की छापामारी से कोयला तस्करों में हड़कंप है। हालांकि छापामारी के दौरान तस्कर भागने में सफल रहे। सीआइएसएफ ने पेलोडर व हाइवा की मदद से जब्त कोयला को उठाकर कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया। बांसजोड़ा 12 नंबर में अलग-अलग करीब 10 से अधिक स्थानों पर कोयला जमा किया गया था। उक्त तस्करी में तीन लोगो की संलिप्तता बताई जा रही है। बताया जा रहा कि लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा 12 नंबर व मदनाडीह गोप्पा ग्राउंड क्षेत्र इन दिनों कोयला चोरों का अड्डा बन गया है। यहां से बड़े पैमाने पर कोयले की तस्करी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि लोयाबाद पुलिस के संरक्षण में कोयले चोरी का गोरखधंधा चल रहा है। वहीं, धनबाद डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा से पूछे जाने पर बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

### पुलिस और दमकल कर्मी कर रहे आग पर काबू पाने की कोशिश

## बांसजोड़ा ओबी डंप में लगी भीषण आग, हजारों पेड़ हुए जलकर राख

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** बांसजोड़ा ओबी डंप पर शनिवार को आग लग गई। आग बांसजोड़ा छह नंबर पीट के पास से शुरू हुआ, जो देखते ही देखते करीब 1500 फिट के दायरे में फैल गया। आग की चपेट में आने से हजारों पेड़-पौधे चलकर राख हो गए। इस घटना से पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है। घटना दोपहर 12 बजे की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिजुआ क्षेत्र के दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में बेबस नजर आए। दमकल कर्मी एक तरफ आग पर पानी डाल रहे थे, जो दूसरी तरफ आग भड़क जा रही थी। इस दौरान 1500 फिट जंगल को आग ने चपेट में ले लिया। करीब पांच घंटे तक आग फैलती रही। पुलिसकर्मियों ने भी आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन बेकाबू आग के आगे सभी बेबस थे। बतातें चलें कि भू-धंसान क्षेत्र में हजारों पेड़ और जंगल है। कहा जा रहा है कि भू धंसान और गैस की वजह से आग ने जंगल में स्थित सूखे पेड़-पौधों पर अपनी गिरफ्त में ले लिया। इस घटना पर सिजुआ जीएम अनूप राय कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। आग लगी या लगाई गई, इस पर जीएम साहब चुप्पी साधे रहे। वहीं, थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने कहा कि आग कैसे लगी, यह जांच का विषय है। पुलिस और दमकल कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।


## जिला उद्योग केन्द्र, चतरा।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना

सूक्ष्म खाद्य उद्यमों के स्थापना व उन्नयन (पूर्व से स्थापित इकाई) के लिए एक लाख से तीन करोड़ तक के परियोजना लागत का 35% या अधिकतम 10 लाख रूपये तक पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा।

- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों के स्थापना व उन्नयन के लिए अनुदान का प्रावधान
- एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारिता समूहों को पूँजी निवेश पर 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान
- स्वयं सहायता समूहों को शुरूआत करने हेतु 40 हजार रूपये का प्रारंभिक पूँजी समर्थन
- चिन्हित खाद्य उत्पाद की ब्राडिंग और विपणन की सहायता के लिए कुल व्यय के 50% तक सहायता
- व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को उन्नयन हेतु न्यूनतम 10% लाभार्थी का योगदान अनिवार्य
- एक जिला एक उत्पाद" के अन्तर्गत चिन्हित उत्पाद आधारित उद्यमों को अनुदान में प्राथमिकता

**आवेदन देने हेतु आवश्यक कागजात :–**

(1) आवेदक/आवेदिका का उम्र 18 वर्ष के उपर
(2) पासपोर्ट साईज का फोटो
(3) आधार कार्ड(मोबाईल नम्बर लिंक्ड)
(4) पैन कार्ड
(5) बैंक पासबुक की छायाप्रति (6महीना स्टेटमेंट सहित)
(6) बिजली बिल/राशन कार्ड/टेलिफोन बील/गैस कन्जूमर पासबुक
(7) योजना से संबधित परियोजना प्रतिवेदन
(8) योजना से संबधित मशीन कोटेशन

कहाँ करें आवेदन :–

1. जिला उद्योग केन्द्र, चतरा।
2. संबंधी प्रखंड कार्यालय (प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक)।
3. वेबसाइट www.pmfme.mofpi.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

महाप्रबन्धक
जिला उद्योग केन्द्र, चतरा।

PR 291223 Industries(22-23)D



## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी
## जिला – सिमडेगा

विज्ञापन संख्या :– ..............................................

### आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Subject | PGT Category eise Vacancy | | | | | | TGT Category eise Vacancy | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total No. of Vacant Posts | UR | BC/BC-II | MBC/BC-I | ST | SC | Subject | Total No. of Vacant Posts | UR | BC/BC-II | MBC/BC-I | ST | SC |
| 1 | Hindi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Hindi | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | English | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | English | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Urdu | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 4 | History | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Mathematics/ Physics | 7 | 4 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 5 | Geography | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Biology/ Chemistry | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Geography | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Mathematics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | History/ Civics | 11 | 6 | 0 | 0 | 4 | 1 |
| 8 | Physics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Biology | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Chemistry | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | Commerce | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Commerce | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Physical Education | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 12 | | | | | | | | Home Science | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | | | | | | | | Mundari | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | | | | | | | | Kharia | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | | | | | | | | Nagpuri | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 27 | 17 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 29 | 17 | 0 | 0 | 11 | 1 |

1. अहर्ता :–

**i.** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित **(PGT)** शिक्षकों हेतु –

– राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विशय जिसमें चयन होना है, में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। परन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।

– साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी0एड0 अथवा राश्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिशद् द्वारा बी0एड0 के समकक्ष घोशित डिग्री।

(चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अधिसूचना संख्या 2425 दिनांक 04.09.2012 के अनुरूप होगी)

**ii.** स्नातक प्रशिक्षित **(TGT)** शिक्षकों हेतु –

– राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विशय जिसमें चयन होना है, में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री। परन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री।

– साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी0एड0 अथवा राश्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिशद् द्वारा बी0एड0 के समकक्ष घोशित डिग्री।

(चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016 के अनुरूप होगी)

2. उम्र :–

– न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमशः 21 और 55 वर्श होगी।

– उम्र का आकलन 31.12.2022 के आधार पर किया जाएगा।

3. आरक्षण :–

– चयन में झारखण्ड सरकार द्वारा जिला स्तरीय नियुक्ति हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा।

– आरक्षित पदों पर झारखण्ड में निवास करने वाले अभ्यर्थियों जिन्हें झारखण्ड सरकार के अधीन सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर ही आरक्षण का दावा मान्य किया जाएगा।

4. संविदा शिक्षक की मासिक परिलब्धि :–

– संविदा शिक्षक को मसिक आधार पर समेकित भुगतान निम्न अनुसार किया जाएगा :–

| क्र0सं0 | शिक्षक की कोटि | नियत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (PGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 27500/– |
| 2 | स्नातक प्रशिक्षित (TGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 26250/– |

5. संविदा शिक्षकों के निर्धारित कर्तव्य एवं दायित्व :– संविदा के आधार पर नियुक्त शिक्षक निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे :–

i. नियमित कक्षा का संचालन/बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की जाँच।

ii. निरीक्षण कार्य/मूल्यांकन कार्य।

iii. विद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रम/सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की तैयारी एवं संचालन में छात्रों एवं सह–कर्मियों की सहायता करना।

iv. प्राचार्य द्वारा सौंपे गए सभी कार्य।

6. चयन प्रक्रिया :–

उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार एवं व्यवहारिक कक्षा अवलोकन के आधार पर चयन समिति द्वारा निर्धारित दिशा–निदेशों के अनुरूप मेधा सूची के अनुसार किया जाएगा। चयन हेतु समिति का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। चयन प्रक्रिया बिना कारण बताए चयन समिति द्वारा किसी भी समय स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है।

7. चयन हेतु निर्धारित शर्तें :– संविदा के आधार पर चयनित शिक्षक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तों के अधीन कार्य करेंगे :–

i. यह चयन जिले के उत्कृश्ट एवं आदर्श विद्यालयों में स्वीकृत पद के विरूद्ध आवश्यकता आधारित रिक्ति के आलोक में की जा रही है। अतः शैक्षणिक सत्र समाप्ति या नियमित शिक्षक के योगदान करने तक जो भी पहले हो अल्पकालीन संविदा के आधार पर की जाएगी।

ii. शैक्षणिक सत्र समाप्ति के पश्चात् चयन समिति द्वारा अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयनित एवं कार्य कर रहे शिक्षक के चयन समिति द्वारा यह कार्रवाई प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व कर ली जाएगी।

iii. संविदा के आधार पर कार्यरत शिक्षकों को नियमित चयन का कोई दावा/अधिकार नहीं होगा और न ही वे सरकारी शिक्षक संवर्ग का हिस्सा होंगे।

iv. ऐसे शिक्षक विद्यालय के प्राचार्य के अधीन एवं उनके द्वारा निर्धारित शर्त एवं बंधेज (संविदा के समय निर्धारित) के अनुरूप कार्य करेंगे।

v. संविदा आधारित चयन को एक शैक्षणिक वर्ष में 11 माह हेतु कार्य करने संबंधी एकरारनामा के आधार पर किया जाएगा। यह एकरारनामा चयनित उम्मीदवार एवं संबंधित विद्यालय के बीच निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाएगा।

चयन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष एकरारनामा एवं संविदा का विस्तार अगले शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व अल्पकालीन संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक के कार्यकलाप का मूल्यांकन किया जाएगा तथा कार्य असंतोशप्रद पाए जाने की स्थिति में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु अवधि विस्तार नहीं किया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक की कार्य अनुमति विखण्डित मानी जाएगी। तदोनुसार संबंधित रिक्त पद पर चयन समिति द्वारा पुनः विज्ञापन निकाल कर विहित प्रक्रिया करते हुए चयन की कार्रवाई की जाएगी।

8. आवेदन करने की प्रक्रिया :–

i. योग्य अभ्यर्थियों द्वारा विहित प्रपत्र (आवेदन का प्रारूप परिशिष्ट 'ख' के रूप में संलग्न) में आवेदन संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा दिनांक .................................. के अपराह्न 05.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

iii. चयन के संबंध में अद्यतन जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय अथवा जिले के उपरोक्त अंकित वेबसाईट पर देखी जा सकती है। अभ्यर्थी का दायित्व होगा कि वे नियमित रूप से अवलोकन करते हुए चयन संबंधी जानकारी प्राप्त करें।

9. चयन परीक्षा हेतु शुल्क 100/– रू. होगी परन्तु अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए यह 50/– रू. निर्धारित की जाती है। आवेदन शुल्क Cross Demand Draft/Bankers Cheque जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के पदनाम से Payable at Simdeg स्वीकार किए जाएंगे।

10. पात्रता :–चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबंधिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना यह प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं। चयन समिति द्वारा विज्ञापित पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पात्रता संबंधी प्रमाण पत्रों की जाँच कराई जाएगी। निर्धारित जाँच के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अन्तर्गत नहीं होने पर आरक्षण/अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

(जिला शिक्षा पदाधिकारी)
जिला – सिमडेगा

(उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला चयन समिति)
जिला – सिमडेगा

PR.NO.291225 Primary Education(22-23):D

# गर्मी में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा, हो जायें सावधान

गर्मी में कुछ आम बीमारियां होती हैं और ये तापमान बढ़ने के साथ तेजी से बढ़ती हैं। अगर आप खुद को और बच्चों को इससे बचाना चाहते हैं तो याद रखें, बाहरी खाने का प्रयोग बंद कर दें। बाहरी खाने से पीलिया, वायरल बुखार से लेकर डायरिया और फूड प्वाइजनिंग जैसी कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। खानपान और थोड़ी सजगता से न केवल आप गर्मी की इन गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि आप कई तरह के इंफेक्शन और स्किन डिजीज से भी अपनी और अपने परिवार की रक्षा कर सकते हैं।

## गर्मी में इन बीमारियों का खतरा

लू लगना यानी हीट स्ट्रोक- गर्म हवाओं से सबसे ज्यादा खतरा 'हाइपरथर्मिया' का होता है। लंबे समय तक तेज धूप में रहने के कारण ये खतरा होता है। इसे आम भाषा में लू लगना भी कहते हैं। हीट स्ट्रोक होने पर सिर में तेज दर्द, तेज बुखार, उल्टी, तेज सांस लेना,चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या बेहोश हो जाना, यूरिन कम पास होना. जैसे लक्षण नजर आते हैं। इससे बचने के लिए कभी भी खाली पेट घर से न निकलें और पानी आदि पीते रहें। ताकि हिट स्ट्रोक से बॉडी सेफ रहे। धूप में हमेशा कवर कर निकलें और जरूरी न हो तो दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक घर पर ही रहें।

## फूड पॉइजनिंग

गर्मियों में होने वाली सबसे कॉमन लेकिन गंभीर बीमारी है फूड पॉइजनिंग। आइस्क्रीम, दूषित भोजन या कटे फलों से ये सबसे ज्यादा होता है। इस मौसम में बाहर के खाने से बच कर रहना बेहद जरूरी है। क्योंकि अन्य मौसम की अपेक्षा इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से ग्रोथ करते हैं और इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। पेट दर्द, जी मिचलाना, दस्त, उलटी, बुखार और शरीर में दर्द इसके लक्षण होते हैं।

## टायफाइड

टायफाइड भी गर्मी में होने वाली सबसे ज्यादा बीमारियों में से एक है। ये पानी से होता है। इसलिए बाहर मिलने वाले खुले जूस या पानी पीने से बचें। टायफाइड में तेज बुखार, भूख ना लगना, पेट में तेज दर्द होना, कमजोरी महसूस होना जैसे लक्षण नजर आते हैं। टायफाइड से बचाव के लिए वैक्सीन लगावाया जा सकता है।

## मीजल्स

गर्मी में होने वाला एक और बहुत ही कॉमन बीमारी जिसे रुबेला या मोरबिली के नाम से भी जाना जाता है। इसके फैलने का तरीका करीब करीब चिकनपॉक्स की तरह होता है। यह पैरामाइक्सो वायरस से फैलता है जो गर्मी में सक्रीय होता है। लक्षण बतायें तो कफ, हाई फीवर, गले में दर्द, आंखों में जलन के साथ सबसे पहले पीठ और फिर पूरे शरीर पर सफेद जैसे दाने हो जाते हैं। इससे बचाव का एक मात्र उपाय एमएमआर वैक्सीनेशन है।

## डिहाइड्रेशन

पानी की कमी से डिहाइड्रेशन होता है। पसीना निकलने के कारण शरीर में पानी के साथ सोडियम और पोटेशियम जैसे कई जरूरी तत्व भी बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी गंभीर हो जाती है। बेहोशी, चक्कर आना या लू लगने का सबसे बड़ा कारण पानी की कमी होती है। इसलिए इससे बचने के लिए केवल पानी न पीयें, बल्कि नारियल पानी, नमक-चीनी का घोल लें। इलेक्ट्रॉल भी पिया जा सकता है।

## स्किन पर रैश और घमौरी होना

गर्मी में पसीना ज्यादा निकलता है। ऐसे में अगर आप तंग कपड़े पहने हों या पसीना ठीक तरीके से शरीर से बाहर ना निकल पाए तो स्किन पर रैश और घमौरियां हो जाती हैं जिनकी वजह से खुजली की समस्या हो सकती है। ऐसे में गर्मियों में हल्के रंग वाले ढीले कॉटन के कपड़े पहनें।

## पीलिया

गर्मियों में ये बीमारी भी बहुत ही कॉमन है। यह भी दूषित पानी और दूषित खाना खाने से होता है। पीलिया में लिवर इफेक्ट होता है और आंखे और नाखून ही नहीं यूरिन भी पीली होने लगती है। पीलिया से बचने के लिए सबसे जरूरी है लिवर को हेल?दी रखना। पीलिया ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक खिचड़ी, दलिया लेना चाहिए। तेल से परहेज जितना हो सके उतना करना चाहिए।

## सनबर्न

सनबर्न तेज धूप में बहुत देर तक रहने की वजह से हो जाता है। इसकी वजह से त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है और स्किन पर दर्दनाक चकत्ते हो जाते हैं। स्किन काली और झुलसी सी नजर आती है। इसमें जलन भी होती है। इसलिए गर्मियों में अपने बॉडी को कॉटन कपड़े से हमेशा ढक कर रखें। कोई भी अंग खुला न रखें। बिना सनस्क्रीन या सनब्लॉक लगाये बाहर न निकलें।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

बच्चों या खुद को इन बीमारियां से बचाव के लिए धूप से बचायें।

भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें ताकि वायरल इंफेक्शन से बचा जा सके।

वायरल बुखार और डायरियां से बचाने के लिए स्वच्छ पानी पीयें। पानी की कमी न होने दे।

गर्मी के समय ठंडी चीजें बर्फ के गोले, आइस्क्रीम खाने से बचें।

उल्टी-दस्त होने पर तत्काल उपचार करायें।

डिस्क्लेमर- आर्टिकल में सुझाये गये टिप्स और सलाह केवल आम जानकारी के लिए दिये गये हैं और इसे आजमाने से पहले किसी पेशेवर चिकित्सक सलाह जरूर लें। किसी भी तरह का फिटनेस प्रोग्राम शुरू करने, एक्सरसाइज करने या डाइट में बदलाव करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेंटर
में हर अंग का होता है उत्तम इलाज

किसी भी प्रकार की शारीरिक तकलीफ गंभीर हो सकती है। हमारे नर्सिंग होम द्वारा कई सालों से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। यहां पेट या फेफड़ों की आम समस्याओं एवं जुकाम–बुखार आदि जैसी परेशानियों के लिए उचित परामर्श दिया जाता है। इसके अलावा मरीजों की शारीरिक जांच, बीमारी की गंभीरता का पता लगाना, इलाज करना और विभिन्न रोगों से रोकथाम के उपायों के बारे में लोगों को जरूरी चिकित्सीय सलाह दी जाती है। हम इलाज की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करते और न ही किसी मरीज को अनदेखा किया जाता है। यहां के डॉक्टर, नर्सेस से लेकर पूरा स्टाफ बहुत ही विनम्र हैं और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है। अनेक लोग हमारे क्लीनिक की सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं हम आगे भी जरूरतमंदों एवं मरीजों को बेहतर जीवन देने के उद्देश्य से अपनी सेवाएं जारी रखेंगे।

निदेशक
कमलेश मेमोरियल नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेन्टर
झाखराटांड, रातू, रांची

"आयुष्मान भारत" का उठा सकते हैं लाभ

यह नर्सिंग होम भारत सरकार की योजना आयुष्मान भारत की सेवा लोगों को उपलब्ध कराता है ताकि अधिक से अधिक लोग अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पाएं। कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक समस्या के कारण बीमारियों का इलाज कराने में असमर्थ होते हैं। आयुष्मान भारत योजना एक स्वास्थ्य बीमा योजना है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को सालाना 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की कल्पना की गई है, इससे लोगों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाया जा रहा है। इस योजना में 5 लाख की राशि में सभी जांच, दवा, अस्पताल में भर्ती के खर्च आदि भी शामिल होंगे। इसमें कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों सहित 1300 बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। वहीं इस क्लीनिक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही लोगों को रोगमुक्त बनाना है तथा उन्हें एक बेहतर जीवन देने के लक्ष्य से लगातार यहां कार्य किया जा रहा है और डॉ. ए.के. पाठक द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के जरिये जन–जन को लाभ पहुंचाने का प्रयास हो रहा है।

Now Book an Appointment with your Doctor's Online.
mdoc app के माध्यम से
KAMLESH MEMORIAL NURSING HOME & RESEARCH CENTRE
का नम्बर ऑनलाइन लगता है।
Our Services
Maternity Services | Nursing Services,
Physician, Orthopedist | 24x7 Services etc.
App डाउनलोड करने के लिए play store सर्च करें mdoc
या संपर्क करें 7493939362 24x7
www.mdoc.in
+91 7493939362 | info@mdoc.in | Available On
पता : झाखराटांड, रातू, सम्पर्क नं. : 7250870590

KIDNEY HEALTH CLINIC
YOUR HEALTH OUR CONCERN
We save your kidney and care your life
किडनी से संबंधित सभी बीमारियों के उपचार के लिए संपर्क करें
● एक्यूट किडनी इंजुरी ● क्रोनिक किडनी इंजुरी ● नेफ्रोटिक सिंड्रोम
● डायबिटिक किडनी डिजीज ● ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस ● एक्यूट इंटरस्टिशियल नेफ्रैटिस
● ड्रग इंडयूस्ड नेफ्रोपथी ● हेपॅटो-रीनल सिंड्रोम ● कार्डियो-रीनल सिंड्रोम
● कॉन्ट्रास्ट इंडयूस्ड नेफ्रोपथी
किडनी के इन संकेत को नजर अंदाज न करे
कमजोरी और थकान महसूस होना
भूख में कमी आना
त्वचा में सूखापन और खुजली
बार-बार पेशाब आना
टखने और पैरों में सूजन
DR. Arvind Charan Mangal
Consultant Nephrologist
किडनी रोग विशेषज्ञ
Call Now 8986723131
Balaji Bhawan, Cheshire Home Road, Bariatu, Ranchi

बिरसा आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
सीताराम कम्पलेक्स, थाना रोड, बुंडू
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर
प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
अनुभवी नेत्र सर्जन की टीम द्वारा फेको विधि से ऑपरेशन
डॉ. अंजनी कुमार
आंखों से संबंधित बीमारियों के लक्षण
* दूर एवं नजदीक में कम दिखाई देना
* धूप में चमकना
* आंखों में पानी आना
* सिर में दर्द एवं चक्कर
* आंखों में खुजली, जलन एवं एलर्जी
* आंखों में मांस बढ़ना (नखूना)
उपलब्ध सुविधाएं
* प्रत्येक दिन आंखों का जांच
* मोतियाबिंद ऑपरेशन (बिना चीरा, बिना इंजेक्शन एवं बिना पट्टी के)
* काला मोतियाबिंद का जांच एवं इलाज
* कम्प्यूटर द्वारा आंखों का जांच एवं इलाज
* सुगर-ब्लड प्रेशर के मरीजों का रेटिना जांच
सम्पर्क करें : 9006359531 | उचित मूल्य पर चश्मा उपलब्ध

HELPING HANDS NURSING HOME

चेशायर होम रोड़, रांची (झारखंड)
मो. 8252225394, 7870468719

LVHRC
Lake View Hospital & Research Centre
RANCHI
लेक व्यू हॉस्पिटल
24 घंटा
Medical
Helpline
9523331720
सारी आधुनिक मेडिकल सुविधाओं से संपन्न
आइ सि यु. इमरजेंसी एवं वेंटिलेटर के साथ डायलिसिस की सुविधा
24x7 Emergency
Critical Care
Call
9523331720

जोड़ा तालाब बरियातू, रांची (झारखंड)
M : 9523331720, 9386374854, 8102883885

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21